RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-151 | जयपुर, शनिवार, 29 नवम्बर 2025 | मूल्य-4 रूपये

### मोदी ने 77 फीट की श्रीराम-प्रतिमा का अनावरण किया:कर्नाटक में एक लाख लोगों के साथ गीता पढ़ी


## लोगों की एकता से होकर जाती है विकसित भारत की राह-मोदी



पणजी

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा के कैनाकोना में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में पूजा की। यहां भगवान राम की 77 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। दावा किया जा रहा है कि यह दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा है। इससे पहले दिन में पीएम कर्नाटक पहुंचे थे। उडुपी में उन्होंने श्री कृष्ण मठ में पूजा-अर्चना की थी। यहां सुवर्ण तीर्थ मंडप का उद्घाटन किया और सोने का कलश चढ़ाया। इसके बाद पीएम ने 1 लाख लोगों के साथ श्रीमद्भगवद गीता का पाठ किया।

पीएम ने उडुपी में 25 मिनट की स्पीच दी। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के गीता के उपदेशों की बात की। पीएम ने कहा- भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सच्चाई को वापस लाने के लिए अत्याचारी का अंत करना जरूरी है। यही नेशनल सिक्योरिटी पॉलिसी का सार है। पहले की सरकारें आतंकी हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई नहीं करती थीं, पर यह नया भारत है।



### बदलते समय और चुनौती के बीच मठ ने नहीं खोई अपनी दिशा

इस कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने कहा, यहां भगवान राम की 77 फुट ऊंची कांस्य की मूर्ति स्थापित की गई। तीन दिन पहले मुझे अयोध्या में राम मंदिर के ऊपर धर्म ध्वज फहराने का सौभाग्य मिला। पीएम मोदी ने कहा कि बदलते समय और चुनौतियों के बीच भी इस मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई। बल्कि यह 'मठ' लोगों को दिशा देने वाला सेंटर बनकर उभरा। यही इसकी पहचान है। यह मठ समय के साथ बदलता रहा है।

### सेवा की भावना है मठ की खासियत- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, यह मठ मूल्यों को बनाए रखने की नींव का पत्थर रहा है, और आने वाली पीढ़ियों को ऊर्जा देता रहेगा...इस मठ की एक खासियत सेवा की भावना है, जिसने सदियों से समाज के हर तबके का साथ दिया है। सदियों पहले, जब इस इलाके में मुश्किलें आईं और लोगों को अपने घर-परिवार छोड़कर नई जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, तो इस मठ ने समुदाय का साथ दिया, नई जगहों पर मंदिर और शेल्टर बनाए। इसने न सिर्फ धर्म बल्कि इंसानियत और संस्कृति की भी रक्षा की। समय के साथ, मठ की सेवा का दायरा बढ़ा है। आज, शिक्षा से लेकर हॉस्टल तक, बुजुर्गों की देखभाल से लेकर जरूरतमंद परिवारों की मदद तक, इस मठ ने हमेशा अपने संसाधन लोगों की भलाई के लिए लगाए हैं।

### पीएम मोदी के साथ राज्यपाल और सीएम सांवत रहे मौजूद

पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे समय आए जब गोवा के मंदिरों और पारंपरिक परंपराओं को चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन इन घटनाओं ने समाज की भावना को कमजोर नहीं किया। गोवा की खासियत यह है कि इसकी संस्कृति ने सभी बदलावों के बावजूद अपनी एकता बनाए रखी है और समय के साथ फिर से जीवित भी हुई है। पीएम मोदी ने दक्षिणी गोवा के पार्टगली में मठ में बने मंदिर का भी दौरा किया। यह मठ भारत के सबसे पुराने मठों में से एक है, जो अपने आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान के लिए जाना जाता है और सारस्वत समुदाय में इसका खास स्थान है। इस मौके पर गोवा के गवर्नर अशोक गजपति राजू और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत इस समारोह में मौजूद थे।

## गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा-ट्रम्प

### ट्रम्प बोले-अमेरिका से प्यार नहीं करने वालों को भी निकालूंगा, रडार पर 19 कंट्री

वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके।

थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं।

ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पॉलिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है।

ट्रम्प ने कहा- जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पॉलिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी।




### 19 देशों के प्रवासियों की जांच होगी

ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान SCIS से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। SCIS के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि SCIS अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवंबर से लागू हो गई है। यह सभी पुराने और नए आवेदन पर लागू होगी।

## इमरान खान जिंदा हैं या नहीं, बेटे ने सबूत मांगा, पाकिस्तान में 4 दिन से प्रदर्शन

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने गुरुवार को जेल में बंद अपने पिता के जिंदा होने का सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं पता है कि इमरान जिंदा हैं या नहीं। कासिम ने एक्स पर लिखा कि उनके पिता को 845 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है। न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन कॉल या मैसेज दिया गया। कासिम ने कहा कि उनकी बुआओं को भी अपने भाई से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सब किसी सुरक्षा नियम की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की जा रही कार्रवाई है। सरकार उनके पिता की असली हालत छिपा रही है। वहीं, इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस




ने गुरुवार को सड़क पर गिराकर पीटा।

### अफरीदी ने बड़े विरोध-प्रदर्शन की धमकी दी

सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज कसते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं। अफरीदी का कहना है कि इमरान खान तक पहुंच रोकना और उनकी सेहत की जानकारी छिपाना जनता के भरोसे के साथ खिलवाड़ है।

### इमरान की बहन बोलीं-परिवार में डर फैल गया

इमरान खान की बहन नोरेन नियाजी ने मीडिया को बताया कि पार्टी के नेताओं की जेल में मुलाकात पहले से तय थी, लेकिन उन्हें भी अंदर जाने नहीं दिया गया। परिवार को बिल्कुल भी जानकारी नहीं है कि इमरान खान कैसे हैं, क्योंकि जेल प्रशासन पूरी तरह चुप है।

उन्होंने यह भी बताया कि भारत में यह खबर फैल गई कि इमरान खान को मार दिया गया है, जिससे परिवार और ज्यादा डर गया। नोरेन का आरोप है कि पुलिस को आदेश दिए गए हैं कि परिवार को रोकें और उनके साथ जैसा चाहें वैसा बर्ताव करें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में पहले कभी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ ऐसा बुरा बर्ताव नहीं हुआ। उनके मुताबिक लोगों को बिना वजह मारा-पीटा जा रहा है। किसी को इसका डर नहीं कि इसका क्या अंजाम होगा।

## राजस्थान के धर्मांतरण-विरोधी कानून पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस, राज्य सरकार से जवाब मांगा

जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर राज्य सरकार को एक बार फिर नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

इसके साथ ही बैंच ने यूपी, एमपी, उत्तराखंड, हिमाचल, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और झारखंड के समान कानूनों वाली लंबित याचिकाओं के साथ इस याचिका को भी टैग करने निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट अब सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा।

### व्यक्तिगत आस्था पर अत्यधिक नियंत्रण

याचिका में कहा गया कि यह कानून व्यक्तिगत आस्था पर अत्यधिक सरकारी नियंत्रण लगाता है। अंतर-धार्मिक (इंटरकास्ट) संबंधों को अनुपातहीन रूप से अपराध की श्रेणी में रखता है। अधिकारियों को पूर्व-नोटिस देने को अनिवार्य बनाता है। पुलिस को अनावश्यक रूप से दखल देने वाले अधिकार प्रदान करता है।

धर्मांतरण विरोधी कानून सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और मानकों से परे है। इस बिल को बनाते समय विधायिका ने अपने क्षेत्राधिकार से



बाहर जाकर काम किया है। यह कानून संवैधानिक सीमाओं का भी उल्लंघन करता है।

### पहले से तीन याचिकाओं में दी जा चुकी चुनौती

इससे पहले इस कानून को तीन अन्य याचिकाओं में भी चुनौती दी जा चुकी है। इसमें दशरथ कुमार हिनुनिया व अन्य, एम. हुजैफा व अन्य और जयपुर कैथोलिक वेलफेयर सोसायटी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट राज्य सरकार को नोटिस जारी करके जवाब मांग चुका है। आज राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने पेश होते हुए देशभर में लंबित सभी संबंधित याचिकाओं, ट्रांसफर याचिकाओं, एसएलपीज और विभिन्न राज्यों के फ्रीडम ऑफ रिलीजन/एंटी-कन्वर्जन कानूनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं की विस्तृत सूची कोर्ट को सौंपी।

### धर्म परिवर्तन कराने वाली संस्था के खिलाफ कड़े प्रावधान

राजस्थान विधानसभा ने 9 सितंबर 2025 को धर्मांतरण विरोधी बिल (राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025) को पास किया था। राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद 29 अक्टूबर को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई थी। इसके बाद कानून के प्रावधान पूरे प्रदेश में लागू हो गए हैं।

नए कानून में धर्मांतरण कराने वाली संस्थाओं पर बुलडोजर चलाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराने वाली संस्थाओं के भवनों को सील करने और तोड़ने का प्रावधान किया गया है।

## पुतिन 4 दिसंबर को भारत आएंगे

नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को 2 दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। 2022 में यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। पुतिन 23वीं भारत-रूस समिट में भाग लेंगे। ये भारत और रूस के बीच होने वाली सालाना बैठक का हिस्सा है। हर साल दोनों देश बारी-बारी से इस बैठक की मेजबानी करते हैं। इस बार भारत की बारी है।

समिट के दौरान पुतिन पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों नेता क्रूड ऑयल डील के साथ एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीद और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पुतिन के सम्मान में स्टेट डिनर देंगी। रूसी तेल खरीद की वजह से अमेरिका ने भारत के निर्यात पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा रखा है, जिससे भारत 50% टैरिफ झेल रहा है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है।

पुतिन की इस यात्रा में सबसे ज्यादा फोकस डिफेंस समझौते पर रहेगा।

## हांगकांग अग्निकांड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 128 हुआ, जली हुई इमारतों से अभी भी मिल रहे शव

हांगकांग

हांगकांग की रिहायशी इमारतों में लगी आग में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 128 हो गया है। शुक्रवार को आग से प्रभावित इमारतों में तलाशी अभियान के दौरान कई और शव मिले, जिसके बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया। अग्निशमन विभाग अब शुक्रवार को तलाशी अभियान के आखिरी चरण में हैं और उसके बाद अभियान समाप्त कर दिया जाएगा। अग्निशमन दल के लोग सबसे ज्यादा उन इमारतों की तलाशी पर फोकस कर रहे हैं, जहां से सबसे ज्यादा कॉल आए थे, लेकिन अग्निशमन दल के लोग पहुंच नहीं पाए थे।

### बढ़ सकता है आंकड़ा

हांगकांग के सुरक्षा सचिव क्रिस तांग ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जली हुई इमारतों से शव बरामद हो रहे हैं और मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बुधवार दोपहर में हांगकांग के ताई पो इलाके में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर में आठ इमारतों में से सात में आग लग गई थी। इमारतों में पुनर्निर्माण के काम के लिए बांस की मचान लगी हुई थी, जिनके चलते आग तेजी से फैली और एक इमारत से शुरू हुई आग ने सात इमारतों को चपेट में ले लिया। एक हजार से ज्यादा अग्निशमन दल के जवानों ने 24 घंटे में आग पर नियंत्रण पाया था। हादसे के दो दिन बाद भी अभी भी इमारतों से धुआं उठता देखा जा रहा है।

## केंद्र की तरह राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर बनाएं- हाइकोर्ट

### कहा- म्यूल अकाउंट-यूपीआई से फ्रॉड अनियंत्रित, टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग


जोधपुर

जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट ने साइबर फ्रॉड और 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार, पुलिस और बैंकों के लिए व्यापक निर्देश जारी किए हैं। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने जोधपुर के बुजुर्ग दंपती से 2 करोड़ 2 लाख रुपए की ठगी मामले में दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज करते हुए यह रिपोर्टेबल जजमेंट सुनाया। कोर्ट ने कहा- इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग से होने वाले साइबर क्राइम ने समाज, अर्थव्यवस्था और कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। हाईकोर्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को निर्देश दिए कि वे भारतीय साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर की तर्ज पर राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर की स्थापना के लिए अधिसूचना जारी करें।

कोर्ट के आदेश के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के नाम पर 3 से अधिक सिम कार्ड जारी करने पर नियंत्रण के लिए विस्तृत स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनेगी। इसके अलावा 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्कूल में मोबाइल फोन, ऑनलाइन गेम्स और सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर गृह विभाग को शिक्षा विभाग व अभिभावक संगठनों के साथ मिलकर विस्तृत एसओपी बनाने को कहा है।

### 9 खातों में ट्रांसफर कराए 2.02 करोड़ रुपए

मामला साइबर पुलिस थाना




जोधपुर की एक एफआईआर से जुड़ा है। इसमें गुजरात निवासी आरोपियों अदनान हैदर और राहुल जगदीश जाधव पर जोधपुर के 84 वर्षीय दंपती से 2 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपियों ने खुद को मुंबई साइबर पुलिस, ईडी और सीबीआई अधिकारी बताकर 29 अप्रैल से 8 मई 2025 के बीच वृद्ध दंपती को 'डिजिटल अरेस्ट' में रखने जैसी स्थिति बना दी और 9 बैंक खातों में कुल 2 करोड़ 2 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। कोर्ट ने रिकॉर्ड से यह तथ्य नोट किया कि इनमें से 45 लाख रुपए सीधे इन दोनों याचिकाकर्ताओं के खातों में गए, जिसे इन दोनों के वकील भी नकार नहीं सके।

### साइबर क्राइम पर कोर्ट ने जताई बड़ी चिंता

कोर्ट ने आदेश में विस्तार से लिखा कि आम पुलिस फोर्स पारंपरिक अपराधों की तरह साइबर अपराधों की जांच करने में तकनीकी ज्ञान के अभाव के कारण पिछड़ रही है। कोर्ट के सामने प्रस्तुत संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट और केंद्र की एजेंसियों के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019 से 2024 के बीच साइबर वित्तीय शिकायतों में कई गुना बढ़ोतरी हुई, लेकिन एफआईआर में कन्वर्जन और फ्रॉड मनी को फ्रीज करने का प्रतिशत अभी भी बहुत कम है। कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि डिजिटल फ्रॉड की रकम कुछ ही मिनटों में कई खातों के जरिए क्रिप्टो में बदलकर विदेश भेज दी जाती है। इसे सामान्य पुलिस अधिकारी ट्रांजैक्शन ट्रेस नहीं कर पाते।

### कोर्ट जमानत देने के पक्ष में नहीं

याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी कि वे निर्दोष हैं। एफआईआर में बताई गई राशि उन्होंने नहीं ली और दर्ज केस मजिस्ट्रेट ट्रायबल हैं, इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। सरकारी वकील ने विरोध करते हुए कहा कि यह अधिक उम्र के दंपती पर गंभीर आर्थिक हमला है। जांच शुरुआती चरण में है और गिरोह के अन्य बदमाश अभी पकड़े जाने बाकी हैं। कोर्ट ने माना कि बीएनएस की जिन धाराओं के तहत मामला दर्ज है। उनमें से कुछ में 7 साल तक की सजा का प्रावधान है। साइबर टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग से होने वाली 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी ठगी के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। इन परिस्थितियों में कोर्ट ने कहा- वह बिना मेरिट पर अंतिम राय दिए, वर्तमान में जमानत देने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने दोनों जमानत आवेदनों को खारिज कर दिया।

## भगवान को नोटिस दिया, प्रवर्तन अधिकारी निलंबित

### मंदिर की दीवार पर चस्पा कर 7 दिन में जवाब मांगा था

जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण के भगवान शिव मंदिर के नाम नोटिस जारी करने के मामले में प्रवर्तन अधिकारी अरुण कुमार पूनिया को निलंबित कर दिया। सचिव निशांत जैन ने निलंबन आदेश जारी किए। इसमें बताया गया- निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार भत्ता मिलेगा। उनका मुख्यालय एडीजीपी (कार्मिक) जयपुर के कार्यालय में रहेगा।

दरअसल, वैशाली नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के दौरान जेडीए की टीम ने दुकानों और मकानों को अतिक्रमण मानते हुए नोटिस लगाए थे। गांधी पथ पर भगवान शिव मंदिर को भी अवैध निर्माण की श्रेणी में डालकर नोटिस जारी कर दिया गया। इसमें नोटिस किसी व्यक्ति या संस्था के नाम नहीं, बल्कि सीधे शिव मंदिर के नाम चस्पा किया गया था। नोटिस में 7 दिनों के भीतर जवाब देने के निर्देश लिखे थे।

जेडीए प्रवर्तन शाखा की ओर से चस्पा नोटिस में हाईकोर्ट की पिटीशन संख्या 658/2024 में पारित आदेश का हवाला दिया गया था। नोटिस में बताया था कि गांधी पथ सड़क चौड़ीकरण से जुड़ी पीटी सर्वे रिपोर्ट जोन-7 के उपायुक्त से प्राप्त हुई है। इसी रिपोर्ट के आधार पर मंदिर की बाउंड्रीवॉल सड़क सीमा में 1.59 मीटर अंदर पाई गई, जिसे अतिक्रमण माना गया था। इस कार्रवाई की जानकारी सामने आने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई थी। विरोध बढ़ने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को प्रारंभिक जानकारी के आधार पर प्रवर्तन अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए निलंबित कर दिया।

# बीजेपी-चुनाव आयोग मिलकर विपक्षी पार्टियों के मतदाताओं के कटवा देते हैं नाम

**–बिहार में महागठबंधन की करारी हार के बाद प्रमोद तिवारी ने लगाए गंभीर आरोप**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार के बाद कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने फिर बीजेपी और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर कांग्रेस या फिर विपक्षी पार्टियों के मतदाताओं के नाम कटवा देते हैं। यही महाराष्ट्र में भी हुआ और अब यही दूसरे राज्यों में भी चल रहा है। राहुल गांधी ने वह घर और वह पोलिंग स्टेशन, सब दिखा दिया है। एक मकान में 500-600 लोगों के वोट दर्ज हैं। 65 लाख लोगों के बिहार में नाम काटे गए हैं जो कि एक रहस्यमयी कहानी है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी यही हुआ। एक-एक घर में एक-एक हजार लोग महाराष्ट्र में निकल रहे हैं। ब्राजील की मॉडल का फोटो बनाकर हरियाणा का चुनाव करवाया जा रहा है।



ऐसा लगता है कि बीजेपी के मुंह में खून लग गया है और चुनाव आयोग पूरी तरह से खामोश इस बेईमानी को करवाने में शामिल नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग राहुल गांधी के सवालों का जवाब क्यों नहीं देता। वह भारत के नेता विरोधी दल हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ये बातें कही है। यूपी में जो गोंडा में हुआ, फतेहपुर में हुआ। कहा यही जा रहा है कि जो बीजेपी का मतदाता नहीं है, कांग्रेस या विरोधियों का मतदाता है, उनके नाम जबरदस्ती हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस नेता कुमार केतकर ने आरोप लगाए थे कि अमेरिकी और इजराइली एजेंसियों ने मिलकर 2014 में कांग्रेस को हराने की योजना तैयार की थी। केतकर ने दावा किया कि एजराइली एजेंसी मोसाद ने राज्यों और निर्वाचन क्षेत्रों पर विस्तृत डेटा तैयार किया है। सीआईए और मोसाद के पास राज्यों और निर्वाचन क्षेत्रों पर विस्तृत डेटा है। उन्होंने कहा कि 2014 में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह के खिलाफ असंतोष था, लेकिन इस तरह से नहीं कि कांग्रेस की अपमानजनक हार हो और उसकी सीटों की

## भुने चनों में कैंसर बनाने वाला केमिकल 'औरामाइन'! प्रियंका चतुर्वेदी ने सरकार को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब भुना चना भी सुरक्षित नहीं रहा। बाजार में बिकने वाले चमकदार पीले-भुने चनों को आकर्षक बनाने के लिए मिलावटखोर घातक इंडस्ट्रियल केमिकल 'औरामाइन' मिला रहे हैं। यह वही जहरीला रंग है जो कपड़ा, चमड़ा और कागज उद्योग में इस्तेमाल होता है, लेकिन खाने-पीने की किसी भी चीज में इसका उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री को पत्र लिखकर इस गंभीर खतरे की ओर ध्यान दिलाया है। प्रियंका चतुर्वेदी ने मांग की है कि देशभर में तुरंत हेल्थ अलर्ट जारी हो, संदिग्ध भुने चनों की जांच हो और दोषी विक्रेताओं-निर्माताओं पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने इसे न सिर्फ फूड सेफ्टी एक्ट का उल्लंघन बताया, बल्कि लाखों भारतीयों की सेहत पर सीधा हमला करार दिया। औरामाइन एक चटक पीला सिंथेटिक डाई है, जो पानी में आसानी से घुल जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की कैंसर रिसर्च एजेंसी( आईएआरसी ) ने इसे 'संभावित कार्सिनोजन' (ग्रुप 2बी) घोषित किया हुआ है। लंबे समय तक इसका सेवन करने से लिवर, किडनी और मूत्राशय ( ब्लैडर ) का कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसके अलावा नर्वस सिस्टम को नुकसान, ऑर्गन फेल्योर और शरीर में टॉक्सिसिटी की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। मिलावटखोर सस्ते में ज्यादा मुनाफे के लिए सादे भुने चनों पर औरामाइन का घोल छिड़क रहे हैं। इससे चने चमकदार पीले, कुरकुरे और थोड़े फूले हुए दिखते हैं, जो ग्राहकों को जल्दी आकर्षित करते हैं। खुले बाजार में यह जहरीला चना आसानी से मिल रहा है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने वीडियो डालकर दिखाया है कि गर्म पानी में ऐसे चने डालते ही पानी पूरी तरह पीला हो जाता है- यह औरामाइन की पहचान है।

## सांगई पर्यटन महोत्सव में विस्फोट की धमकी, महिला सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

इंफाले (एजेंसी)। मणिपुर में जारी सांगई पर्यटन महोत्सव में विस्फोट करने की धमकी देने के आरोप में सुरक्षा बलों ने एक महिला सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के साथ संयुक्त अभियान में प्रतिबंधित संगठन केसीपी (एमएफएल) के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एक फेसबुक उपयोगकर्ता द्वारा पोस्ट किए वीडियो के बाद की गई, जिसमें 21 से 30 नवंबर तक आयोजित महोत्सव में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। उग्रवादियों को इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और थौबल जिलों से पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है। पूर्वोत्तर राज्य में विस्थापित व्यक्तियों और नागरिक समाज संगठनों द्वारा इस सांगई महोत्सव का बहिष्कार किया गया है। मणिपुर में मई 2023 से मैतेई और कुकी–जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## भारतीय वायु सेना और फ्रांसीसी वायु सेना के बीच जारी अभ्यास गरुड़ 2025

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना (एफएएसएफ) के बीच चल रहे द्विपक्षीय अभ्यास गरुड़ 2025 पर केंद्रित है। यह गरुड़ अभ्यास का आठवाँ संस्करण है, जो 16 से 27 नवंबर तक फ्रांस के मोंट–डी–मार्सन में आयोजित किया जा रहा है। इसका मकसद अंतर–संचालन को और मज़बूत करना। दपेशेवरता, सटीकता और एकजुट टीमवर्क के माध्यम से द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती को सुदृढ़ करना। यथार्थवादी परिचालन वातावरण में रणनीति और प्रक्रियाओं को परिष्कृत करना। आपसी शिक्षा और परिचालन ज्ञान के आदान–प्रदान को बढ़ावा देना। शामिल भारतीय वायुसेना के विमान: एसयू–30एमकेआई, सी–17 ग्लोबमास्टर तीसरी (प्रेरण और विप्रेषण चरणों के लिए एयरलिफ्ट सहायता)। आईएल–78 (हवा से हवा में ईंधन भरने के लिए)। मिशन हवा से हवा में होने वाली मुठभेड़ों, वायु रक्षा अभियानों, और समन्वित हमले अभियानों पर केंद्रित हैं। यह अभ्यास मित्रवत विदेशी वायु सेनाओं के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और हवाई संचालन के क्षेत्र में आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने की भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## छत्तीसगढ़ में 13 लाख के इनामी माओवादी जोड़े ने किया सरेंडर

रायपुर (एजेंसी)। खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 13 लाख रुपये के इनामी जोड़े ने पुलिस के सामने हथियार डाल दिए। 'मुन्ना' (7 लाख इनामी) और उसकी साथी 'जूली' (6 लाख इनामी) ने छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति–2025 को जीवन बदलने वाला कदम बताया। यह 25 वर्षीय जोड़ा पिछले कई सालों से बस्तर के माड़ संभाग और मध्य प्रदेश–महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ (एमएमसी) त्रि–राज्यीय क्षेत्र में सक्रिय था। दोनों कैडर भर्ती, रसद आपूर्ति और हिंसक वारदातों में शामिल रहे। घने जंगलों में छिपे रहकर पुलिस को लगातार चकमा देते रहे। जिला पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि लगातार सर्जिकल ऑपरेशन, स्थानीय लोगों का सहयोग और सम्मानजनक पुनर्वास के वादे ने इस जोड़े को मुख्यधारा में लौटने को मजबूर किया। सरेंडर करने वालों को तत्काल वित्तीय सहायता, मासिक वजीफा, आवासीय प्लॉट, कौशल प्रशिक्षण और दीर्घकालिक सुरक्षा दी जाएगी। यह आत्मसमर्पण माओवाद विरोधी अभियान में बड़ी सफलता माना जा रहा है। पिछले 23 महीनों में राज्य में 2,200 से अधिक माओवादी या तो सरेंडर कर चुके हैं या मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, संगठन के अंदर बढ़ता असंतोष, पूर्व साथियों का सफल पुनर्वास और सुरक्षाबलों का दबाव आत्मसमर्पण की रफ्तार बढ़ा रहा है। पुलिस इसे 'गेम–चेंजर' बता रही है। माना जा रहा है कि बस्तर और त्रि–राज्यीय सीमा के माओवादी गढ़ अब तेजी से खाली हो रहे हैं। सरकार की सख्ती और आकर्षक पुनर्वास नीति के सामने माओवादी विचारधारा लगातार कमजोर पड़ रही है।

## राबड़ी को आवास खाली करने का नोटिस, गिरिराज सिंह ने कहा... सरकारी आवास किसी की बपौती नहीं

पटना (एजेंसी)। बिहार में पूर्व सीएम राबड़ी देवी को आवास खाली करने के नोटिस को लेकर बयानबाजी जारी है। जहां केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि, बिहार में कानून का राज है। कानून के तहत किसी को आवास मिलाता है, तब आवास खाली किया जाता है। नहीं खाली करने पर पुलिस उस बलपूर्वक हटा देती है। सरकारी आवास किसी की बपौती नहीं होती है। वहीं राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा है कि, किसी हालत में राबड़ी आवास खाली नहीं करेगी। ये लालू परिवार को अपमानित करने की साजिश है। 20 साल से नीतीश कुमार सीएम हैं। उन्होंने ऐसा फैसला क्यों नहीं लिया। वहीं भाजपा नेता नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि राबड़ी पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास खाली करने के दौरान टोंटी और अन्य सरकारी संपत्ति की चोरी ना हो, इसका ध्यान रखें। 20 साल बाद लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास (राबड़ी आवास) खाली करने का नोटिस मिला है। मंगलवार को बिहार भवन निर्माण विभाग ने ये नोटिस भेजा है। भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना केन्द्रीय पुल की आवास संख्या 39 हार्डिंग रोड अलॉट किया गया है।

## कश्मीर के 5 जिलों में पुलिस का सर्च ऑपरेशन

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के 5 जिलों में गुरूवार को पुलिस और सुरक्षाबलों ने बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने बैन आतंकी संगठन जमात–ए–इस्लामी से जुड़े होने के शक में कई लोगों के घरों–ठिकानों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में सुरक्षा अभियान के तहत शोपियां, पुलवामा, श्रीनगर, बारामूला और कुलगाम में तलाशी ली है। इस दौरान पुलिस टीमों ने वेरिफिकेशन और कई लोगों से पूछताछ भी की। उन्होंने कहा कि सर्च ऑपरेशन का मकसद बैन संगठनों को दोबारा सक्रिय होने से रोकना, आतंकी सपोर्ट नेटवर्क और ओवरग्राउंड वर्कर्स की पहचान कर उन्हें खत्म करना है। साथ ही आतंकियों को फाइनेंशियल और लॉजिस्टिक मदद करने वालों पर कार्रवाई करना है।

## दिल्ली में प्रदूषण की वजह से बच्चा नहीं ले पा रहा था सांस, करानी पड़ी सर्जरी

**–महिला ने वीडियो शेयर कर तकलीफ की बयां, यूजर्स बोले– यह बहुत डरावना**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नोएडा में एक महिला ने कहा कि वायु प्रदूषण की वजह से उसके छोटे बेटे की तबीयत इतनी खराब हो गई कि उसे सर्जरी करवानी पड़ी। महिला ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया जिसमें वह अस्पताल में भर्ती अपने बेटे की हालत दिखाते हुए तकलीफ बयां कर रही थी। साक्षी पाहवा नाम की इस महिला ने लिखा कि वह दो साल पहले अपने परिवार के साथ दिल्ली-एनसीआर में शिफ्ट हुई थीं। तभी से उनके बच्चे को लगातार सर्दी-खांसी, एलर्जी और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कई दवाइयां आजमाईं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। साक्षी ने कहा कि प्रदूषण बढ़ता गया और उनके बच्चे की परेशानी भी बढ़ती गई।

पोस्ट में महिला ने लिखा- माता-पिता होने के नाते, उसे अस्पताल में रोता देखकर हमारा दिल टूट गया। हम टैक्स देते हैं और बदले में हमारे बच्चों को यही मिलता है। अब आवाज उठाने का समय आ गया है। दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण ने न सिर्फ हमारी सांस लेने वाली हवा को प्रभावित किया...बल्कि मेरे नन्हे-मुन्ने बच्चे को सर्जरी करवानी पड़ी। पोस्ट देखने के बाद कई लोगों ने अपनी चिंता और गुस्सा जाहिर किया।

एक यूजर ने सलाह दी- कृपया रहने की जगह बदल लें। दवाइयों और तकलीफ से बेहतर है कि आप किसी साफ हवा वाले शहर में चले जाएं। दूसरे ने लिखा- यह बहुत डरावना है। लोग बीमार हो रहे हैं और सरकार सच्चाई



छिपाने में लगी है। तीसरे ने कहा- जिन्हें लगता है कि यह प्रदूषण की वजह से नहीं है, वे अस्पताल जाकर देखें। ज्यादातर बच्चे और बुजुर्ग खराब हवा की वजह से बीमार हो रहे हैं। बता दें बुधवार को दिल्ली का एक्यूआई 337 दर्ज किया गया था, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शहर के 39 एयर मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 34 ने बहुत खराब और बाकी 5 ने खराब हवा दर्ज की थी।

## मतुआ समुदाय को नागरिकता देने का किया था वादा, अब एसआईआर में नाम कटने का सता रहा डर

**–पश्चिम बंगाल में गरमाई राजनीति, बढ़ती चिंता के बीच सीएए आवेदन केंद्र शुरू**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में राजनीति गरमा गई है। वजह है मतुआ समुदाय का बड़ा वोट बैंक। मतुआ वे हिंदू शरणार्थी हैं जो धार्मिक उत्पीड़न के चलते बांग्लादेश से भारत आ गए थे। ये लोग दशकों से भारतीय नागरिकता की मांग कर रहे हैं। बीजेपी ने सीएए के जरिए उन्हें नागरिकता देने का वादा किया था। 2014 के बाद हुए चुनावों में इस वादे के कारण मतुआ समुदाय ने बड़ी संख्या में बीजेपी का समर्थन किया था। अब मतुआ समुदाय के बीच गहरी चिंता है। वजह है पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के लिए शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आधार कार्ड, वोटर आईडी और पैन कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज होने के बावजूद कई मतुआ लोग डर रहे हैं कि उनका नाम वोटर लिस्ट से हट सकता है। उनकी सबसे बड़ी परेशानी है कि वे अपनी पारिवारिक ऐतिहासिक कड़ियां साबित नहीं कर पाएंगे, क्योंकि उनकी जड़ें बांग्लादेश में हैं। समुदाय के सामने मुश्किल स्थिति है। वोटर लिस्ट में दोबारा नाम दर्ज कराने के लिए उन्हें आधिकारिक भारतीय नागरिक होना जरूरी है, लेकिन अगर वे सीएए के तहत आवेदन करते हैं, तो उन्हें खुद को औपचारिक रूप से बांग्लादेशी विदेशी नागरिक घोषित करना पड़ता है। इससे नागरिकता मिलने तक उनकी कानूनी स्थिति अनिश्चित और कमजोर हो जाती है।

इस स्थिति का दबाव केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर पर भी बढ़ रहा है। वे मतुआ समुदाय के सबसे बड़े राजनीतिक नेता माने जाते हैं। बढ़ती चिंता के बीच उन्होंने सीएए आवेदन केंद्र शुरू करवाए हैं। यहां ऑल इंडिया मतुआ महासंघ, जो कि समुदाय का प्रमुख संगठन है, आवेदन करने वालों को प्रमाण पत्र जारी कर रहा है। 52 साल के सुशील विश्वास जो 15 साल पहले बांग्लादेश से उत्पीड़न के कारण भारत आए थे, उन्होंने कहा कि मैं धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए भारत आया। मैं नागरिकता के लिए सीएए में आवेदन करने आया हूं। एसआईआर और इसके परिवार पर असर को लेकर मुझे डर है, लेकिन भारत सरकार ने हमें नागरिकता देने का वादा किया है।

हालांकि, मतुआ महासंघ की ओर से जारी इन प्रमाण पत्रों की कानूनी वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह भी पूछा जा रहा है कि क्या किसी केंद्रीय मंत्री को ऐसे दस्तावेज जारी करने का अधिकार है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बोंगांव की एक रैली में इसे लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ये लोग 100 रुपए लेकर 'हिंदुत्व कार्ड' बांट रहे हैं। ये मतुआ लोगों का शोषण कर रहे हैं। यह पैसे कमाने की योजना है। सीएए के नाम पर लोगों को डराया जा रहा है। यह बीजेपी की पहले से बनी राजनीतिक साजिश है।

रिपोर्ट के मुताबिक शांतनु ठाकुर ने कहा कि सीएए गृह मंत्रालय के तहत आता है, जबकि एसआईआर चुनाव आयोग देखता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिनके पास पहले से वोटर कार्ड है, वे पहले से ही भारतीय नागरिक माने जाते हैं। मामला इसलिए और जटिल हो गया है क्योंकि एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तारीख 4 दिसंबर बहुत नजदीक है। मतुआ समुदाय की सबसे बड़ी जरूरत




आधिकारिक नागरिकता है, ताकि उनका नाम नई वोटर लिस्ट में बना रहे, लेकिन सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार के लिए इतने कम समय में सीएए के जरिए लाखों मतुआ लोगों को नागरिकता देना असंभव है।

मंत्री शांतनु ठाकुर ने केंद्र सरकार से नागरिकता प्रक्रिया तेज करने की मांग की है। इस वक्त मतुआ समुदाय एक तरफ सालों से किए गए नागरिकता के वादे और दूसरी तरफ वोटर लिस्ट से नाम कटने के डर के बीच फंसा है। इससे उनका मानवीय संकट अब पश्चिम बंगाल में एक बड़ा राजनीतिक और प्रशासनिक संकट बन गया है।

## राजस्थान, चंडीगढ़, हरियाणा और असम के लिए नए एफआरआरओ नियुक्त

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्र सरकार ने चंडीगढ़, जयपुर और गुवाहाटी में आव्रजन ब्यूरो के तहत तीन नए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किए हैं। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई। बुधवार को जारी राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक चंडीगढ़ के लिए नव नियुक्त विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी (एफआरआरओ) के कार्य क्षेत्र में यह केंद्र शासित प्रदेश और हरियाणा आएगा। जयपुर के लिए नियुक्त एफआरआरओ के कार्य क्षेत्र में राजस्थान और गुवाहाटी के लिए नियुक्त एफआरआरओ के कार्य क्षेत्र में असम आएगा। इससे पहले दिल्ली के लिए तैनात एफआरआरओ के कार्य क्षेत्र में राजस्थान और हरियाणा आते थे। वहीं अमृतसर के लिए तैनात एफआरआरओ के कार्य क्षेत्र में चंडीगढ़ आता था। असम राज्य कोलकाता के लिए तैनात एफआरआरओ के कार्य क्षेत्र मेंथा। ये नियुक्तियां नए आव्रजन और विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत की गई हैं, जो इस साल 1 सितंबर को लागू हुआ है। नए अधिनियम में जाली पासपोर्ट या वीज़ा रखने वाले विदेशियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है।

## मुंबई की मतदाता सूची में गड़बड़ी: 11 लाख से अधिक डुप्लीकेट नामों का हुआ खुलासा

**मुंबई (एजेंसी)।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। शहर के कुल 1.03 करोड़ मतदाताओं में से करीब 11 लाख से अधिक नाम दोहराए गए हैं, यानी लगभग 10.64 प्रतिशत प्रविष्टियां डुप्लीकेट हैं। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि डुप्लीकेट एंट्रीज वाले शीर्ष वार्डों का प्रतिनिधित्व पहले विपक्षी दलों के पार्षद करते थे।

मसौदा मतदाता सूची में 4.33 लाख ऐसे मतदाता मिले हैं जिनके नाम दो बार से लेकर 103 बार तक दर्ज हैं। इससे कुल डुप्लीकेट प्रविष्टियां 11,01,505 तक पहुंच गई हैं। सबसे ज्यादा डुप्लीकेट नाम वाले पांच में से चार वार्ड पहले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के पार्षदों के पास थे। इनमें वर्ली विधानसभा क्षेत्र के दो वार्ड भी शामिल हैं, जहां से शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे विधायक हैं।

वर्ली के वार्ड नंबर 199 (पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर का पुराना वार्ड) में सबसे अधिक 8,207 डुप्लीकेट वोटर हैं। इसके बाद घाटकोपर (वार्ड 131) में 7,741, परेल-लालबाग (वार्ड 203) में 7,624, कालाचौकी (वार्ड 205) में 7,585 और सेंचुरी मिल (वार्ड 194) में 7,584 डुप्लीकेट प्रविष्टियां हैं।

आदित्य ठाकरे ने एक्स पर पोस्ट कर गंभीर आरोप लगाया है कि लाखों नाम जानबूझकर दोहराए गए हैं, घरों की गलत एंट्री की गई है और वोटर कार्ड में मूल जानकारी तक नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि आपत्ति दर्ज करने की समयसीमा न बढ़ाने से चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे।

निर्वाचन आयोग ने आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तारीख 27 नवंबर से बढ़ाकर 3 दिसंबर कर दी है। अंतिम मतदाता सूची 10 दिसंबर को प्रकाशित होगी। नाम दोहराने के कारणों में प्रिंटिंग त्रुटि, मतदाताओं का स्थानांतरण और मृत व्यक्तियों के नाम न हटाना बताया गया है। अब बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं। सभी 25 सहायक नगर आयुक्तों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बीएमसी अधिकारियों का कहना है कि 11 लाख का आंकड़ा डुप्लीकेट व्यक्तियों की नहीं, बल्कि दोहराई गई प्रविष्टियों की संख्या है। सफाई अभियान तेज है, लेकिन इस देरी से बीएमसी चुनाव में भी विलंब हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 31 जनवरी 2026 तक चुनाव कराने थे, लेकिन अब फरवरी तक खिसकने की आशंका है। विपक्ष इसे सुनियोजित साजिश बता रहा है, जबकि सत्ताधारी पक्ष इसे तकनीकी खामी बता रहा है। मतदाता सूची की सफाई अब मुंबई के सियासी भविष्य की सबसे बड़ी परीक्षा बन गई है।

## पाकिस्तान की राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह पर टिप्पणी, कांग्रेस नेता ने कहा... अपनी सीमा में रहना चाहिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बयान पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि पाकिस्तान को अपनी सीमा में रहना चाहिए, क्योंकि कोई भी भारतीय देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। अफगानिस्तान और बलूचिस्तान के साथ पाकिस्तान के चल रहे मुद्दों पर कांग्रेस नेता ने घोषणा की कि पाकिस्तान खुद विभाजन की ओर बढ़ रहा है।

कांग्रेस नेता राजपूत ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी हद में रहना चाहिए, क्योंकि कोई भी भारतीय हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करता। हमारे पास एक स्वस्थ लोकतंत्र और मज़बूत संविधान है, और यह उनकी तरह हर 8-10 साल में नहीं बदलता। पाकिस्तान भारत के



मामलों पर टिप्पणी करके अपनी मौत को न्यौता दे रहा है... पाकिस्तान टूटने वाला है... हम अपने आंतरिक मामले खुद सुलझा सकते हैं। इससे पहले, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह की निंदा कर आरोप लगाया कि भारत की न्यायिक प्रक्रिया अल्पसंख्यकों के प्रति भेदभावपूर्ण है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने भारत सरकार से मुसलमानों सहित सभी धार्मिक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करके और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों के अनुसार उनके पूजा स्थलों की रक्षा करके अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करने का आग्रह किया। लेकिन भारत ने भगवान राम मंदिर में ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की और उसकी टिप्पणियों को उसी तिरस्कार के साथ खारिज कर दिया जिसके वे हकदार हैं और उससे अपनी नज़रें अंदर की ओर मोड़ने और अपने स्वयं के दयनीय मानवाधिकार रिकॉर्ड पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

## तलाक देने से पहले वैवाहिक रिश्ता टूटने के देने होंगे सबूत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने तलाक के मामलों में एक अहम दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी अदालत सिर्फ यह कहकर तलाक नहीं दे सकती कि वैवाहिक रिश्ता पूरी तरह टूट चुका है। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है कि एक पक्ष ने जानबूझकर दूसरे को छोड़ा हो या साथ रहने से स्पष्ट रूप से इनकार किया हो। अगर ऐसे सबूत नहीं हैं या अलगाव किसी मजबूरी या नियंत्रण से बाहर की परिस्थिति के कारण हुआ है, तो शादी को ÷अपूरणीय रूप से टूटा÷ हुआ नहीं माना जा सकता।

14 नवंबर 2025 को जस्टिस सूर्यकांत (वर्तमान मुख्य न्यायाधीश) और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने इस मामले में विस्तृत आदेश जारी किया। पीठ ने स्पष्ट किया कि तलाक देने से पहले अदालत की जिम्मेदारी है कि वह दोनों पक्षों के दावों, सामाजिक पृष्ठभूमि, आर्थिक स्थिति और खासकर बच्चों के हित को ध्यान में रखकर गहन जाँच करे। कोर्ट ने कहा कि बच्चों की मौजूदगी में यह सवाल और भी संवेदनशील हो जाता है, क्योंकि तलाक का सबसे ज्यादा असर उन पर ही पड़ता है। यह फैसला उत्तराखंड के एक दंपती के मामले में आया है। पति-पत्नी की शादी 2010 से पहले हुई थी। 2010 में पति ने क्रूरता का हवाला देकर तलाक की पहली अर्जी दी थी, लेकिन बाद में उसे वापस ले लिया। 2013 में दूसरी याचिका दाखिल की गई, जिसमें दावा किया गया कि पत्नी ने घर छोड़ दिया है। ट्रायल कोर्ट ने 2018 में सबूत न मिलने के कारण याचिका खारिज कर दी। लेकिन 2019 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटते हुए पति को तलाक दे दिया।

महिला ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई। कोर्ट ने पाया कि हाईकोर्ट ने सिर्फ पति के मौखिक बयानों पर भरोसा किया, जबकि पत्नी का दावा था कि उसे ससुराल वालों ने जबरन घर से निकाल दिया था और उसके बाद उसने अकेले बच्चे की परवरिश की। सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर चूक माना और कहा कि हाईकोर्ट ने कई महत्वपूर्ण कानूनी सवालों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।

अदालत ने हिंदू विवाह अधिनियम की व्याख्या करते हुए कहा कि महज अलग रहना ही परित्याग नहीं है। इसके लिए यह साबित करना जरूरी है कि अलगाव जानबूझकर और बिना उचित कारण के किया गया हो। कोर्ट ने यह भी कहा कि कई बार महिलाएँ घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या मजबूरी में घर छोड़ती हैं–ऐसे में उन्हें ही दोषी ठहराना न्यायोचित नहीं है। अंत में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट का 2019 का फैसला रद्द कर दिया और मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए हाईकोर्ट को लौटा दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि अब सभी तथ्यों, गवाहों और परिस्थितियों की फिर से जाँच की जाए। यह फैसला देश भर की निचली अदालतों और हाईकोर्ट के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है। अब



तलाक के मामलों में जल्दबाजी या एकतरफा बयानों पर फैसला देना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल कई शादियाँ बच सकती हैं, बल्कि महिलाओं और बच्चों को अनावश्यक मानसिक-आर्थिक आघात से भी बचाया जा सकेगा।

# 'खाद की लूट' पर सिस्टम का पर्दा: जांच के नाम पर अधिकारियों ने की 'लीपापोती', व्यवस्थापक बोले- 'सामान लोगे, तभी मिलेगा यूरिया'

## सरकारी रेट 266.50 रु., वसूली 350 रु., और बिल मांगने पर मिल रहे धक्के, पहले की खबर का असर शून्यः अधिकारी देकर गए 'क्लीन चिट', पर धरातल पर लूट जारी क्या यह बीजेपी सरकार का सुशासन है या कृषि विभाग की मिलीभगत?

स्मार्ट हलचल । लाडपुरा





**लाडपुरा ।** क्या राजस्थान की भजनलाल सरकार में अन्नदाता को लुटने की खुली छूट दे दी गई है? यह सवाल लाडपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति (GSS) के हालात देखकर उठना लाजिमी है। यहां 'स्मार्ट हलचल' द्वारा पूर्व में खाद वितरण में अनियमितता की खबर चलाने के बाद दिखावे के लिए अधिकारी जांच करने पहुंचे, लेकिन नतीजा वही 'ढाक के तीन पात' रहा। जांच अधिकारियों ने 'समझा-बुझाकर' मामले की लीपापोती कर दी और समिति को क्लीन चिट थमा दी। लेकिन धरातल पर हकीकत यह है कि किसानों को आज भी यूरिया के साथ जबरन 'सल्फर' और अन्य उत्पाद (Tagging) थोपे जा रहे हैं।

### जांच का ढोंग और व्यवस्थापक का कबूलनामा

जांच करने आए अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि किसानों को समझाकर संतुष्ट कर दिया गया है और कोई जबरदस्ती नहीं हो रही। लेकिन अधिकारियों के इस झूठ की पोल खुद समिति के व्यवस्थापक कैलाश चंद्र तेली ने खोल दी। व्यवस्थापक ने स्पष्ट शब्दों में स्वीकार किया है कि 'सहकारी समिति को सल्फर खाद और टैगिंग उत्पाद लेने पर ही खाद दिया जा रहा है।' अब सवाल यह है कि जब व्यवस्थापक खुद स्वीकार कर रहे हैं, तो जांच अधिकारी किस आधार पर 'सब चंगा सी' की रिपोर्ट दे रहे हैं? यह सीधे तौर पर उच्च अधिकारियों और समिति की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### 330 कट्टे, हजारों की भीड़ और पुलिस का पहरा

लाडपुरा समिति में गुरुवार को 330 बैग यूरिया पहुंचा। इसकी खबर लगते ही शुक्रवार सुबह 6 बजे से ही किसान कतारों में लग गए। महिलाएं घंटों भूखी-प्यासी खड़ी रहीं। सुबह 11 बजे पुलिस और कृषि पर्यवेक्षक रामेश्वर गुर्जर की निगरानी में वितरण शुरू हुआ। एक जन-आधार पर मात्र 1-1 कट्टा दिया गया और महज 2 घंटे में स्टॉक खत्म हो गया। सैकड़ों किसान बैरंग लौटने को मजबूर हुए।

### गणित लूट काः

266 का माल 350 में किसानों ने बताया कि 45 किलो यूरिया कट्टे की सरकारी दर 266.50 रुपये है। लेकिन समिति कर्मचारी इसके साथ जबरदस्ती सल्फर या अन्य उत्पाद जोड़कर 350 रुपये वसूल रहे हैं। जब किसान इसका पक्का बिल मांगते हैं, तो उन्हें टाल दिया जाता है। जो किसान अतिरिक्त सामान लेने से मना करता है, उसे 'खाद नहीं है' कहकर लाइन से हटा दिया जाता है।

### पत्रकार को धक्के मारकर निकाला

समिति की मनमानी का आलम यह है कि जब मीडियाकर्मी ने वहां जाकर सच जानने की कोशिश की, तो एक कर्मचारी ने अभद्रता करते हुए उन्हें धक्के मारकर बाहर निकाल दिया और कहा- 'यहां फालतू की भीड़ मत करो।' यह व्यवहार दर्शाता है कि समिति कर्मचारियों को न प्रशासन का डर है और न ही कानून का।

### सरकारी ट्रैक्टर से भी कमाई

लूट सिर्फ खाद तक सीमित नहीं है। सरकार ने समिति को कस्टम हायरिंग सेंटर के तहत ट्रैक्टर उपलब्ध कराया था ताकि किसानों को सस्ती दरों पर जुताई की सुविधा मिले। लेकिन यहां भी बाजार रेट (350 रुपये प्रति बीघा) ही वसूला जा रहा है। सरकारी सब्सिडी का लाभ किसानों को देने के बजाय समिति इसे अपनी कमाई का जरिया बना रही है। जिम्मेदारों से सवाल? आखिर कब तक जांच के नाम पर लीपापोती होती रहेगी? क्या जिला कलेक्टर और सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारी इस खुली लूट पर संज्ञान लेंगे, या फिर लाडपुरा के किसान यूं ही व्यवस्था की चक्की में पिसते रहेंगे?

# झपटामारी का खुलासाः दो सगे भाई गिरफ्तार, सोने की नथ व मोटरसाइकल बरामद



स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** पुलिस वृत्ताधिकारी रेवडमल मौर्य के सुपरविजन में पण्डेर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए झपटामारी की वारदात में शामिल दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से सोने की नथ एवं वारदात में उपयोग की गई बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। 25 नवंबर को ढगारिया चौराया पर कालु गुर्जर की माता मोतिया देवी बस का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने मौका पाकर उनके नाक में पहनी हुई सोने की नथ झपट्टा मारकर छीन ली। घटना के बाद प्रकरण संख्या 144/2025 धारा 304(2) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों मनीष पुत्र रामराज जाट (26) निवासी मगनपुरा, थाना पण्डेर, अजीत पुत्र रामराज जाट (25) निवासी मगनपुरा, थाना पण्डेर को गिरफ्तार कर लिया।

### तरीका-ए-वारदात

दोनों आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल का उपयोग कर राह चलती बुजुर्ग महिलाओं के सोने के आभूषण छीनने, सुने घरों में चोरी करने, दुकानों से तेल के पीपे और ट्रैक्टर पार्ट्स चोरी करने जैसी वारदातों में लिप्त पाए गए हैं। पण्डेर थाना प्रभारी कमलेश (उनि) व उनकी टीम की तत्परता से थाने को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# यूरिया खाद के लिए लगी किसानों की कतारें



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** रबी की फसल के लिए यूरिया खाद के सख्त जरूर होने से क्षेत्र के किसानों को खाद की बड़ी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें देखने को मिली, गत दिनों सवाईपुर से होकर गुजरे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को ग्रामीणों व विभिन्न संगठनों द्वारा यूरिया खाद की कमी को पूरी करने की मांग की, किसानों ने कृषि मंत्री मीणा से कहा की यदि समय पर किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हुआ, तो रबी की फसल की पैदावार में असर पड़ेगा । कोटड़ी कृषक सेवा सहकारी संस्था लिमिटेड सवाईपुर व निजी संस्था में शुक्रवार सुबह से खाद का वितरण किया, यूरिया खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें लगी । किसानों को बड़ी मुश्किल से दो कट्टे यूरिया खाद के मिले।

# भीलवाड़ा पुलिस का प्रहारः 6 किलो अफीम तस्करी मामले में 10 माह से फरार 5 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

## काछोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चित्तौड़गढ़ के बेंगू से दबोचा आरोपी

## फरवरी 2025 में हुई थी 6.300 किलो अफीम की जब्ती, तब से चल रहा था फरार

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और वांटेड अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में भीलवाड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। काछोला थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले 10 महीने से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

**चित्तौड़गढ़ से हुई गिरफ्तारी**

काछोला थानाधिकारी बालकिशन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जगदीश चंद्र धाकड़ (52) पुत्र नंदा लाल धाकड़ को गिरफ्तार किया। आरोपी चित्तौड़गढ़ जिले के बेंगू थाना क्षेत्र के चेंची गांव का निवासी है। उस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित था।

**क्या था पूरा मामला?**

घटना 5 फरवरी 2025 की है। तत्कालीन कोटड़ी थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा ने गश्त के दौरान गोगास स्कूल के पास एक कार को पकड़ा था। तलाशी में कार से 6 किलो 300 किलो ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई थी। मौके से पुलिस ने तस्कर प्रभु जाट और सुखनाथ को गिरफ्तार किया था।

इस मामले में अनुसंधान के दौरान जगदीश चंद्र धाकड़ की संलिप्तता सामने आई थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। काछोला पुलिस ने अब 10 महीने बाद उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के आदेश पर, एएसपी (शाहपुरा) राजेश आर्य और डीएसपी (कोटड़ी) सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में की गई।

### पुलिस टीम का सराहनीय कार्य

इस इनामी बदमाश को पकड़ने में काछोला थाने के कॉन्स्टेबल गोपेश कुमार (1507) का विशेष योगदान रहा।

### टीम के सदस्यः

श्री बालकिशन (उ.नि., थानाधिकारी काछोला) श्री रामेश्वरलाल (हैड कानि. 1348) श्री गोपेश कुमार (कानि. 1507 - विशेष योगदान) श्री नितेश कुमार (कानि. 1091) श्री जीतराम (कानि. 2198)

# यातायात पुलिसकर्मियों ने गुलाब का फूल देकर आमजन को किया जागरूक



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति शहर के लोगों में जागरूकता पहुंचे इसको लेकर भीलवाड़ा की यातायात शाखा में एक पहल की है इसके तहत ट्रैफिक इंस्पेक्टर बाबूलाल के निर्देशन में यातायात थाने के बाहर पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को गुलाब का फूल लेकर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता संदेश दिया है और लोगों से यातायात नियमों की पालना करने की अपील की है।

यातायात शाखा के हेड कांस्टेबल महावीर सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुसार ट्रैफिक इंस्पेक्टर बाबूलाल के निर्देशन में यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा आज थाने के बाहर वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूकता संदेश दिया है। इसके तहत पुलिस कर्मियों द्वारा वाहन चालकों को गुलाब का फूल लेकर हेलमेट लगाने और सीट बेल्ट बांधने सहित यातायात नियमों की पालना करने के लिए अपील की है। हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चालकों के लिए बहुत जरूरी है अगर सीट बेल्ट लगाएंगे तो गाड़ी के सभी फीचर काम करते हैं और हेलमेट भी सड़क हादसे के दौरान 80% इंजरी को कम करता है। एक तरह से सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए यह नियम काफी जरूरी है इसके लिए सभी को इसकी पालना करनी चाहिए।

# ढोसर विद्यालय में निःशुल्क स्वेटर वितरित



स्मार्ट हलचल| गुरला

भीलवाड़ा जिले के सहाड़ा ब्लॉक राउमावि ढ़ोसर में आज भामाशाह द्वारा निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल लाल शर्मा,उप प्राचार्य दिलीप सिंह चुंडावत, कान्ता वैष्णव, दिनेश कुमार सेन, नरेंद्र प्रसाद बंगाली, अखिलेश कुमार सिंह, जाकिर हुसैन, श्यामलाल पायल, विनोद बूलीवाल, प्रहलाद शर्मा, बीना गहलोत, गीता लोहार, सी पी मीणा, सीमा पारीक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। इस दौरान संस्था प्रधान ने सभी भामाशाह का आभार प्रेषित किया।

# मांडलगढ़: यूरिया की किल्लत पर एसडीएम ने दिखाई सख्ती, गेणोली में 3 दिन के भीतर खाद पहुंचने का आश्वासन

स्मार्ट हलचल



**गेणोली/मांडलगढ़।** क्षेत्र में रबी की फसलों की बुवाई और पिलाई के पीक सीजन में यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों का सब्र शुक्रवार को जवाब दे गया। ग्राम सेवा सहकारी समिति गेणोली के परेशान किसानों ने मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई और ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम ने तुरंत किया समाधान

किसानों की पीड़ा सुनते ही एसडीएम मनमोहन शर्मा ने तत्परता दिखाई। उन्होंने मौके से ही इफको प्रतिनिधि लालाराम चौधरी से दूरभाष पर बात की और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद इफको प्रतिनिधि ने आश्वस्त किया कि अगले तीन दिनों के भीतर गेणोली समिति में यूरिया खाद की रैक उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस आश्वासन के बाद किसानों ने राहत की सांस ली।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में गेणोली सहकारी समिति के व्यवस्थापक शिवकुमार वैष्णव, किसान भूरा लाल माली, सत्यनारायण माली, मदन माली, नवीन दरोगा, शंकर बलाई और गोपाल भील सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फूले की 135वीं पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** भारत के महान समाज सुधारक व शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा फूले की 135वीं पुण्यतिथि के अवसर पर माली समाज महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान के तत्वाधान में नेहरू रोड़ स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल पर महात्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। संस्था के सचिव एडवोकेट राजकुमार माली ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि के अवसर पर बड़ी तादाद में माली समाज ने महात्मा फूले को पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। एडवोकेट राजकुमार माली ने कहा की ज्योतिबा फूले भारत में सामाजिक सुधार व शिक्षा के साथ बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाकर क्रान्ति का आगाज किया। जिसके परिणामस्वरूप आज हर पिछड़ा वर्ग में बच्चे व बालिका में शिक्षा के क्षेत्र में होड़ मची हुई है। संस्था के पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल रागस्या ने कहा कि यह संस्था 1990 से ही भीलवाड़ा जिले में महात्मा फूले के विचार का, शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया, जिसके बदौलत आज हर गांव-ढ़ाणी में महात्मा ज्योतिबा फूले को याद किया जाता है। समाज के पूर्व पार्षद ऊंकार माली ने कहा कि मनुष्य को तन-मन व धन से धर्म और समाज की सेवा करनी चाहिए। सच्चा समाज-सेवक वह है जो बिना किसी स्वार्थ के और पूरी निष्ठा व लगन से समाज की भलाई के लिए काम करता है।सामाजिक कुरीतियों को हटाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। समाजसेवा के कार्य के लिए सबसे पहले घर से शुरुआत करें। समाज में कोई बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नन्दलाल सोपुरिया, ऊंकार माली, बंशीलाल मोरी, संस्था के अध्यक्ष बद्रीलाल पारेता, माली सैनी महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन सोपरिया, माली युवा संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण उर्फ बबलु सोपरिया, माली समाज सम्पश्रि ट्रस्ट भीलवाड़ा के अध्यक्ष दिनेश कुमार माली, पूर्व अध्यक्ष दौलत माली, पार्षदा सपना माली, सागर माली, महात्मा ज्योति फूले सब्जी मण्डी भीलवाड़ा के अध्यक्ष मथुरालाल माली, मदनलाल माली, एडवोकेट छोटूलाल माली, सुमित माली, नवीन कुमार माली, मिट्ठूलाल सतरावला, नानुराम गढ़वाल, नानुराम रागस्या, मीडिया प्रभारी माणकचन्द सांखला, रोशन गढ़वाल, सत्यनारायण गढ़वाल, राकेश मोरी, समाज के भामाशाह राजेन्द्र तुन्दवाल, लालाराम माली सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित थे।

## भाजपा के युवा सम्मेलन में जिलेभर से कार्यकर्ताओं का उमड़ा सैलाब

# युवा स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा की भावना को आत्मसात कर देश को आत्मनिर्भर बनाएं - भडाना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवाओं के हितों पर कुठाराघात किया, भाजपा सरकार ने न्याय दिलाया- मेवाड़ा

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला कार्यालय पर युवा सम्मेलन का आयोजन अभियान के प्रदेश सह संयोजक एवं देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, विधायक उदयलाल भडाना, लालाराम बैरवा, पूर्व विधायक विठ्ठलशंकर अवस्थी, महापौर राकेश पाठक, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा एवं सम्मेलन संयोजक भरतसिंह राठौड़ भी मंचासीन रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि सम्मेलन में उमड़े युवा सैलाब को संबोधित करते हुए देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना ने कहा कि पीएम मोदी के देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए युवाओं को संकल्प लेकर स्वदेशी, स्वभाषा और स्वभूषा की भावना को आत्मसात करना होगा। किसी भी देश की आर्थिक नीति जब तक स्वदेशी के आधार पर ना हो तब तक वो वो विकसित और आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। इसी भावना से मोदी ने स्व और स्वदेशी की भावना के जागरण का काम किया है जिससे स्थानीय उद्योगों, कारीगरों, कलाकारों, मजदूरों को बढ़ावा मिल सके। देश की स्वनिर्मित कोरोना वेक्सीन, हथियार और सुरक्षा तकनीक इसके बड़े उदाहरण है। देश के युवा भी अपनी जिम्मेदारी को समझे और उन उत्पादों और उद्योगों को आगे बढ़ाने में योगदान देवे जिसमें भारतीयों का पसीना और पैसा लगा हो, जिनमें भारत की मिट्टी की खुशबू हो।

### पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवाओं के हितों पर कुठाराघात किया, भाजपा सरकार ने न्याय दिलाया - मेवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सम्मेलन में कहा कि राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवाओं के हितों पर कुठाराघात किया चाहे पेपर लीक का मामला हो या परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का। किंतु प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद युवाओं को न्याय और उनका हक दिलाने का काम किया, जिसका नतीजा है कि दो वर्षो एक भी पेपर लीक नहीं हुआ और पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपर लीक करने वाले माफिया जेल की सलाखों के पीछे है।

पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि इस देश का जनमानस और समाज स्वावलंबी बने। विधायक उदयलाल भडाना ने कहा कि जिले सक्षम और सशक्त युवा शक्ति पी मोदी के स्वप्न को साकार करने में अहम योगदान देगी। विधायक लालाराम बैरवा ने कहा कि प्रत्येक युवा को यह संकल्प लेना होगा कि हमें भारत के स्वाभिमान को प्रतिस्थापित कर देश को विश्वगुरु बनाना है। पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी ने कहा कि युवाओं में वो शक्ति है जो असम्भव को संभव कर सकती है, इस शक्ति को राष्ट्र के विकास में लगावे। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि पीएम मोदी ने युवाओं प्रतिभा को पहचान उन्हें अवसर प्रदान किया, जिससे उन्होंने हर क्षेत्र में दुनिया भर अपनी छाप छोड़ी है। सम्मेलन का सफल संचालन सहसंयोजक रौनक हिंगड ने किया। आभार सहसंयोजक पीयूष मेवाड़ा ने प्रकट किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक शिवराज गुर्जर, सम्पत सुथार, लखन माली, ऊदल सिंह, चेतन वैष्णव, देवराज जाट, गजेन्द्र साहू, युवा मोर्चा महामंत्री अर्पित समदानी, जिला उपाध्यक्ष दीपक पाराशर, कुलदीप केडी, अतुल शर्मा, अजय यादव, पीयूष शर्मा, सुजीत मेवाड़ा, सीपी जोशी, अवधेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साहित्यकार सत्यदेव सवितेन्द्र को लोक साहित्य सम्मान से नवाजा, देर रात तक चला मण्डेला स्मृति कवि सम्मेलन

# लोक कवि मोहन मण्डेला के नाम से भव्य ऑडिटोरियम शीघ्र बनेगा-डॉ. लालाराम

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** साहित्य सृजन कला संगम संस्थान के तत्वावधान में आयोजित लोक कवि मोहन मण्डेला स्मृति 28 वें कवि सम्मेलन में श्रोताओं से खचाखच भरे श्री राम टॉकीज के हॉल में सभी कवियों ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं को आनन्द से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित खास मेहमान सांसद भीलवाड़ा दामोदर प्रसाद अग्रवाल, मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा तथा विशिष्ट अतिथि उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार मीणा, पुलिस उपअधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई एवं कार्यक्रम अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश दुबे एम.एल.डी.ग्रुप डॉयरेक्टर केकड़ी का संस्थान की ओर से मेवाड़ी पगड़ी एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

लोक कवि मोहन मण्डेला के नाम से ऑडिटोरियम की घोषणा के संदर्भ में कार्यक्रम के खास मेहमान सांसद दामोदर प्रसाद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यथा शीघ्र स्थानीय विधायक लालाराम बैरवा मैं अपने प्रयासों से शाहपुरा में एक भव्य ऑडिटोरियम के निर्माण को मूर्त रूप देने का पूरा प्रयास करेंगे। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि ऑडिटोरियम के प्रयास पिछले वर्ष से मैंने शुरू कर दिये जो अब गतिशील है एवं शीघ्र ही 350 व्यक्तियों की बैठक क्षमता वाला एक ऑडिटोरियम शाहपुरा में बनेगा जिसका ले-आउट तैयार हो चुका है यह ऑडिटोरियम लोक कवि मोहन मण्डेला के नाम से ही तैयार होगा। उन्होंने कहा कि मैं शाहपुरा के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं तथा शाहपुरा जिले की पुनः बहाली के लिए हर संभव प्रयास करूंगा उन्होंने विश्वास दिलाया शाहपुरा पुनः जिला होगा इसका मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ।

लोक कवि मोहन मण्डेला की स्मृति में प्रतिवर्ष दिये जाने वाला लोक साहित्य सम्मान से इस वर्ष राजस्थानी एवं हिन्दी भाषा के प्रतिष्ठित कवि, लेखक एवं साहित्यकार सत्यदेव संवितेन्द्र को ''लोक साहित्य सम्मान'' से नवाजा गया। सम्मान में श्रीफल, शॉल, नकद राशि एवं मानपत्र आदि संस्थान परिवार, उपस्थित कवियों,एवं अतिथियों द्वारा भेंट किए गए। मान पत्र का वाचन संस्थान अध्यक्ष जयदेव जोशी ने किया। सम्मानित साहित्यकार सत्यदेव संवितेन्द्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोक कवि मोहन मण्डेला एक ऐसे कवि थे जिन पर विद्यार्थियों द्वारा शोध किये जाना चाहिए। उन्होंने अपनी ओर से ऐसे विद्यार्थियों को पूरा सहयोग प्रदान करने की भी बात कही। राजस्थानी भाषा के हाड़ौती अंचल के मधुर गीतकार विष्णु विश्वास के राग प्रभाती पर आधारित मां शारदे की वंदना थ्हारा चरणां म म्हारो ध्यान से ही इस कार्यक्रम की बेहतरीन शुरूआत करके काव्यमय वातावरण तैयार कर दिया। तत्पश्चात हास्य के बेहतरीन कवि कानू पण्डित ने पूरे हॉल को अपनी चुटीली बातों एवं हास्य के ठहाकों से गुंजायमान कर दिया। कानू पण्डित ने अपने काव्यपाठ में एक संदेश परक गीत बरगद, नीम और अंबुआ की छांव जरूरी है, इसलिए तो हिन्दुस्तां में गांव जरूरी है। सुनाई जिसमें श्रोताओं की तालियां लगातार बजती रही। अन्ता (बारां) के गीतकार विष्णु विश्वास अपने पहले ही गीत से श्रोताओं के मन मस्तिष्क पर छा गये उन्होंने अपने श्रेष्ठ गीत थ्हारो डील इतर की शीशी ली सौरम सी लपट उडै छै, थ्हारो मन गंगा सो पावन पाप्यां का पाप झड़ै छै तथा बेटी की बढ़ती उम्र पर संदेश परक गीत लांघ रही खेतां की मेर, बढ़गी डाळां चारूं मेर, सरसो गालै डील जवानी जड़ रही छै, अजी लाज म गढ़ रही छै थां बाप होर अणजाण थां सूतां खूटी ताण सुनाया तो इस मीठे गीतकार को सभी ने बहुत सराहा।

हास्य कवि दिनेश बंटी ने हलवाई का हलवाई की भाषा में लड़की को प्रपोज करना तथा कई हास्य टिप्पणियों से कविसम्मेलन में ठहाके बिखेरे उन्होंने अपने काव्य पाठ में अपनी रचना भूलकर अब हम गुरूजी सर, सर कहने लगे हैं, दान में सम्मान दे दे शिष्य ऐसे हैं कहां तथा आज के बच्चों का बचपन खोता जा रहा है उस विषय पर विलक्षण रचना मां के दूध को रोता बच्चा, स्कूल बेग को ढोता बच्चा, ममता मां की खोता बच्चा और आया से बेबस सोता बच्चा सुनाकर खूब तालियां बटोरी। गीतकार सत्येन्द्र मण्डेला ने राजस्थानी भाषा का थ्हारै रे आसरे आई रे छोड़कर घर, आंगण, गळियारां ने, म्हारी र गति मत बणा गाय ज्यूं, भूखी तरसै चारां ने, नाता प्रथा पर कटाक्ष का गीत सुनाया जिसे भरपूर दाद मिली। वीर रस के कवि केकड़ी के उमेश उत्साही ने तेरी मेरी छोड़ हो जा भक्त सच्चा राम का, मैं भी बच्चा राम का हूं तू भी बच्चा राम का तथा श्रीमद्भगवतगीता का भावानुवाद भी प्रस्तुत कर चेतक पर रचना हां चेतक का आत्मदान तो, युगों-युगों पर भारी है, राणा ही नहीं पूरा भारत चेतक का आभारी है सुना कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम संयोजक कवि डॉ. कैलाश मण्डेला ने अपने अंदाज की प्रस्तुति के साथ ही अपने पिता लोक कवि मोहन मण्डेला की कतिपय विशिष्ट कविताओं की बानगी प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं की मांग पर उन्होंने 'छबळक-छबळक', मत करै रात दिन तणपट्ट, डोलर हिन्दा पर लोकरंजन का गीत ए ढबजा हिन्दां देबा वाळां, मांसू मति करे रे छाळा सुनाकर मोहन मण्डेला जी की यादों का ताजा कर दिया। दिल्ली से आई कवयित्रि डॉ.कीर्ति काले ने अपने गीतों, गजलों एवं आध्यात्मिक भजनों से कार्यक्रम को बुलन्दियों पर पहुंचा दिया उन्होंने नीम की निबोली भोली-भाली एक छोरी जब दर्पण देख के श्रृंगार करने लगी तथा श्रोताओं की मांग पर याद कोई करता है, हिचकियां बताती है, कौन पास कितना है, दूरियां बताती है एवं अयोध्या में अगर ढूंढों तो श्री राम मिलते हैं, जो वृंदावन में ढूंढोगे तो फिर घनश्याम मिलते हैं, मगर मां बाप के चरणों में चारों धाम मिलते हैं। जैसे गीतों से श्रेष्ठ काव्यपाठ किया।

हास्य-व्यंग्य के अन्तरराष्ट्रीय कवि रास बिहार गौड़, अजमेर ने कार्यक्रम का शानदार संचालन किया उन्होंने अपने संचालन में पूरी रात श्रोताओं से खूब ठहाके लगवाये। अपने काव्यपाठ में हास्य एवं व्यग्यं की श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया। मैंने भगवान से कहा भ्रष्टाचार हटाओ, अखबारो पर व्यंग्य अमर उजाला -आया नहीं, जागरण कोई लाया नहीं, नवभारत फट गया, हिन्दू बॅट गया, भास्कर पानी में गल रहा है, हिन्दुस्तान चुल्हे में जल रहा है। जब से मेरी बेटी जॉब करने गई है बैंगलोर में सन्नाटे बुनने लगा हूं चमकते हर शोर में तथा ''रोटी'' शीर्षक से मर्मस्पर्शी रचनापाठ करके कार्यक्रम को सुखद समापन किया। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़ ने सभी कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम सूत्रधार डॉ.मण्डेला ने परम्परागत तरीके से लोक कवि की स्मृति में दो मिनट तक तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अगले वर्ष तक के लिए कार्यक्रम को स्थगित किया।

संस्था जयदेव जोशी ने नगर पालिका प्रशासन, सभी पार्षदों, पुलिस प्रशासन, अतिथियों तथा श्रोताओं, साहित्य सृजन संस्थान परिवार के सभी सदस्यों शिवप्रकाश जोशी, पं. सुनील भट्ट, सत्यव्रत वैष्णव, एडवोकेट अनिल शर्मा आमीन शेख, एडवोकेट गीत मण्डेला तथा अन्य सभी के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

# शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग का छठा स्मरणपत्र मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को दिया




स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा-अभिभाषक संस्था शाहपुरा के तत्वाधान में जिला बचाओ संघर्ष समिति शाहपुरा द्वारा शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा दिलाने की मांग का स्मरण पत्र जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया की अगवाई में उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम छठा समरण पत्र दिया गया और शाहपुरा को जिला बनाने का किया वादा याद दिलाया। संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि पूर्व में जिला बचाओ संघर्ष समिति और मुख्यमंत्री की जयपुर में शाहपुरा विधायक की मौजूदगी में वार्ता हुई और शाहपुरा को वापस जिला बनाने का सकारात्मक आश्वासन मिला था। परन्तु सरकार ने 6 माह बीतने के बाद भी शाहपुरा को वापस जिले का दर्जा नहीं दिया जिससे आमजन में आक्रोश है। संघर्ष समिति जनता से किये वादों के लिए कटिबद्ध है। संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र जिला बहाली नहीं करती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा और संयोजक रामप्रसाद जाट ने कहा कि सरकार जल्दी शाहपुरा को जिला घोषित करें अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला बचाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ,संयोजक रामप्रसाद जाट, महासचिव कमलेश मुंडेतिया, अभिभाषक संस्था उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा, मोहम्मद शरीफ, विवेक दाधीच, अधिवक्ता योगेंद्र सिंह भाटी, अरविंद सिंह राणावत, अंकित मालू, राहुल पारीक, प्रॉपर्टी एसोसिएशन अध्यक्ष अजय मेहता, कपड़ा व्यवसायिक संगठन के अध्यक्ष ओम सिंधी, संघर्ष समिति सदस्य सत्यनारायण पाठक, नजीर मोहम्मद, प्रवीण पारीक, सुनील मिश्रा, मदनलाल कंडारा, छोटू रंगरेज, धनराज जीनगर, मूलसिंह सोदा, रामलाल वर्मा, रमेश मालू, रामस्वरूप खटीक, सुनील पाराशर, अरुण राव, भंवर लाल बेरवा, रामचंद्र रेगर,अभय गुर्जर सहित कई सदस्य एव शाहपुरा के आमजन मौजूद रहे।

# 29 नवम्बर से 29 दिसम्बर तक विटामिन-ए अभियान का होगा संचालन

### 9 माह से 5 वर्ष तक के हर बच्चे तक पहुंचेगी पोषण सुरक्षा विटामिन-ए की खुराक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** बच्चों में विटामिन-ए की कमी से होने वाले रोगों की रोकथाम तथा कुपोषण नियंत्रण को लक्षित करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप जिले में 29 नवम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक विटामिन-ए पूरक आहार का 49वां चरण संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि एक माह तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी, ताकि दृष्टि संबंधी समस्याओं, प्रतिरोधक क्षमता में कमी, दस्त एवं निमोनिया आदि बीमारियों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है तथा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी के साथ ही बच्चों में पड़ने वाले पोषण संबंधी दुष्प्रभावों को रोका जा सके। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक सेक्टर व आंगनबाड़ी केंद्र पर व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सभी अधिकारियों व कार्मिकों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। ताकि अधिकाधिक बच्चे लाभान्वित हों सके। जिला आरसीएच अधिकारी (कार्यवाहक) डॉ. अभिनव निर्वाण ने बताया कि वर्ष में दो बार विटामिन-ए की खुराक पिलाने का विशेष कार्यक्रम राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाया जाता है। यह खुराक बच्चों को 6 माह के अन्तराल से पिलाई जाती है। अभियान के अन्तर्गत आंगनबाडी केन्द्रों पर विटामिन-ए की खुराक पिलाई जायेगी। विटामिन-ए अभियान आमजन की भागीदारी से तभी सफल हो सकेगा जब इसे जागरूकता के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाया जाए। सभी चिकित्सा अधिकारी व प्रभारियों को आंगनबाड़ी स्तर पर कार्यरत टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे माइक्रोप्लान अनुसार अभियान की सफलता के लिए कार्य किया जायेगा, जिससे कि कोई भी बच्चा छूटे नहीं।

# ब्राह्मण समाज की गरिमा को आहत करने के आरोप में आईएएस अधिकारी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



जिला पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए प्रार्थना-पत्र में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, शाखा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने मध्यप्रदेश शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग के उप सचिव, आईएएस संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

राजेंद्र भार्गव ने बताया कि वे अरिहंत नगर, थाना प्रतापनगर क्षेत्र के निवासी हैं और सामाजिक रूप से ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 23 नवंबर 2025 को भोपाल में आयोजित अजाक्स (एससी-एसटी अधिकारी-कर्मचारी संगठन) के प्रांतीय अधिवेशन में प्रांत अध्यक्ष बनने के बाद आईएएस संतोष कुमार वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई।

प्रार्थी के अनुसार, आईएएस द्वारा दिए गए बयान में कहा गया कि 'कोई ब्राह्मण अपनी बेटी मेरे बेटे का दान ना कर दे या मेरे बेटे से संबंध न बना ले तब तक आरक्षण लागू रहना चाहिए '–जो कि समाज की महिलाओं, परिवारों तथा समुदाय की मर्यादा पर गहरा आघात करता है। इस कथन से ब्राह्मण समाज की महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँची है तथा समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। भार्गव ने बताया कि यह जानकारी उन्हें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारी का यह बयान जानबूझकर सामाजिक समरसता को नुकसान पहुँचाने और एक समुदाय विशेष को लज्जित करने वाले आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। प्रार्थी ने जिला पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि संतोष कुमार वर्मा के विरुद्ध थाना प्रतापनगर को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए जाएँ, ताकि कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सके। इस दौरान दिनेश शर्मा, दुर्गाप्रसाद दाधीच, लक्ष्मीनारायण पंडिया, पवनेश शर्मा, गोपाल शर्मा, नवीन जोशी, अनिल कुमार जोशी, प्रसून दाधीच, महेश भारद्वाज, अनिल शुक्ला, योगेश त्रिपाठी, लोकेश तिवारी आदि उपस्थत थे।


# उदयपुर जिले में 104 उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उदयपुर जिले में नवीन उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला रसद कार्यालय द्वितीय उदयपुर से 100 रुपये का भारतीय पोस्टल ऑर्डर जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक (राजकीय अवकाश को छोड़कर) कार्यालय समय में जिला रसद अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय उदयपुर कार्यालय में आवश्यक पात्रता दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों एवं घोषणा पत्र के साथ जमा कराए जा सकेंगे। खाद्य विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। पात्र चयनित अभ्यर्थियों को राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश, 1976 के तहत नवीन प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे। जिला रसद कार्यालय प्रथम उदयपुर क्षेत्र में कुल 65 रिक्तियां प्रस्तावित हैं। इनमें बड़गांव में 4, भींडर में 14, मावली में 10, उदयपुर शहर में 13, वल्लभनगर में 4, गिर्वा में 12 तथा कुराबड़ में 8 शामिल हैं।

# गांव भैंसा में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में फरार गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**करौली।** जिले के टोडाभीम थाना पुलिस ने फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में फरार चल रहे 5000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना अधिकारी सुनीलाल मीणा ने शुक्रवार शाम 6:00 बजे बताया कि दिनॉक 27.09.2025 को प्रार्थी अताउल्ला खां पुत्र बाबुद्दीन खां निवासी भैंसा थाना टोडाभीम ने एक तहरीर इस आशय से पेश की कि जसवन्त, सचिन उर्फ राहुल, रोहित जैन, अजीत गुर्जर व अन्य आरोपीगण द्वारा मुझे जान से मारने के इरादे से मेरे उपर फायरिंग की।आदि पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान एएसआई हरवीर सिंह के जिम्मे किया।प्रकरण में आरोपीगण के खिलाफ अपराध प्रमाणित पाए जाने पर करौली एसपी द्वारा दिनांक 15/10/2025 को वांछित आरोपीगण पर 5-5 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिण्डौनसिटी व पुलिस उप अधीक्षक टोडाभीम ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए उक्त आरोपीगण को गिरफ्तार करने हेतु अलग अलग टीमें गठित की।प्रकरण के आरोपीगण जसवन्त गुर्जर, सचिन उर्फ राहुल गुर्जर, अजीत गुर्जर, सुरेन्द्र गुर्जर, रोहित जैन को दिनांक 26/10/2025 को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया था।प्रकरण में वांछित आरोपी राजकुमार गुर्जर की तलाश हेतु अलग अलग टीमें गठित कर विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। मूखबिर की सूचना पर एसपी के निर्देश पर 5000 के इनामी आरोपी राजकुमार पुत्र राधेश्याम गुर्जर निवासी पीलवाड पट्टी थाना सलेमपुर जिला दौसा को पुलिस थाना नई मण्डी हिण्डौन सिटी से गिरफ्तार किया गया।

## महिला कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बहु-प्रतीक्षित व महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

# महिला कांग्रेस जिले में नई ऊर्जा के साथ अपनी भूमिका का करेगी विस्तार, बढ़ायेगे महिलाओं की भागीदारी: रेखा हिरण

### संगठन सुदृढ़ीकरण, महिला नेतृत्व व आगामी रणनीति पर हुई विस्तृत चर्चा, महिला शक्ति के अद्भुत उत्साह से गूंजा जिला कांग्रेस कार्यालय

स्मार्ट हलचल



**भीलवाडा।** जिला कांग्रेस कार्यालय भीलवाड़ा में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अल्का लांबा एवं राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार भीलवाड़ा मे कांग्रेस महिला जिला कार्यकारिणी की बहु-प्रतीक्षित व महत्वपूर्ण बैठक बड़े उत्साह, ऊर्जा और जोश के साथ सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिलेभर की महिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। महिला शक्ति के अद्भुत उत्साह से जिला कांग्रेस कार्यालय गूंजा उठा। सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं की प्रभावशाली उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि भीलवाड़ा की महिलाएँ कांग्रेस की रीढ़ बनकर तैयार हैं। बैठक का संपूर्ण वातावरण उत्साहपूर्ण, रचनात्मक और संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत सार्थक रहा। बैठक का संचालन एवं नेतृत्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रेखा हिरण ने किया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं भीलवाड़ा महिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती रिक्की सिंह (भरतपुर) एंव भीलवाड़ा ग्रामीण जिला अध्यक्ष आदरणीय रामलाल जाट एवं के सानिध्य में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जाट साहब को महिला कांग्रेस ने बधाई देकर जोरदार स्वागत किया साथ में प्रभारी सिंह का स्वागत किया। प्रभारी रिक्की सिंह ने संबोधित करते हुए बैठक के मुख्य एजेंडा पर की दमदार चर्चा के साथ ही जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार संगठन को और अधिक मज़बूत बनाने की रणनीति, कांग्रेस में महिला नेतृत्व को सशक्त प्रतिनिधित्व, आगामी चुनावों हेतु प्रशिक्षण, बूथ मज़बूती व विशेष अभियान, महिलाओं की सीधी भागीदारी बढ़ाने का संकल्प, 'नारी न्याय सम्मेलन' आयोजित करने पर व्यापक चर्चा की। जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ने बताया कि संगठन को बूथ व ब्लॉक स्तर तक सशक्त बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस जिले में नई ऊर्जा के साथ अपनी भूमिका का विस्तार करेगी और महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाया जाएगा।

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर बड़ा ऐलान

ग्रामीण जिला अध्यक्ष रामलाल जाट ने संबोधन में कहा कि राजनीति से जुड़ी और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए 10-15 महिलाओं के समूह तैयार किए जाए अपने ब्लॉक और पंचायत में ऐसी आर्थिक रूप से कमजोर हो उनका एक समूह बनाया जाए। इन समूहों को उनके कौशल के अनुसार विशेष प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने की योजना बनाये ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और घर-परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में महिलाओं की बड़ी भूमिका सुनिश्चित की जाएगी, इसलिए प्रत्येक बूथ स्तर को अधिक से अधिक मज़बूत करना हमारा प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। पुर्व सभापति ओम नराणीवाल ने भी महिला बहनों को संबोधित किया।

### ये प्रमुख पदाधिकारी रहे बैठक में उपस्थित

महिला कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में लीला देवड़ा, रुकमणी, अनिता पहाड़ियाँ, साधना रंगरेज, राजमणी व्यास, शमीम बानू, काता कंवर, अर्चना दुबे, अल्का लढ़ा, अनीता रावल रविंदर कौर, किरण जाटणी, योगिता सुराणा, मोनिका किश्चन, रेखा भट्ट, शमा बानु, निसार बानू, शाकिरा, राजी, नफीसा, सलमा, विमला सोनी, जशोदा गवारिया, वंदना कंवर, सुशिला बैरवा, ईश्वर खोईवाल, हारून रंगरेज मुश्ताक खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# चारभुजा मंदिर के भूखंड पर चार दीवारी निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के अंतर्गत चारभुजा मंदिर के खाली पड़े भूखंड आराजी नंबर 1640 रकबा 16 बीसवा पंचमुखी दरबार से रपट के बालाजी के रास्ते के मध्य स्थित भूखंड का आज विधिवत भूमि पूजन कर नीव का मुहूर्त किया गया इस भूखंड के प्रथम चरण में इसके चारों ओर चार दीवारी का निर्माण कराया जाएगा।

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि चारभुजा मंदिर के खाली भूखंड पर आज शुक्रवार को पंडितो द्वारा विधिवत मंत्रोचार के बीच नीव मे दीपक जलाकर पांच पत्थर रख चारभुजा नाथ के जयकारे के बीच नीव भराई कि रस्म ट्रस्टियो द्वारा अदा की गई, इस अवसर पर ट्रस्ट संरक्षक उदयलाल समदानी रामेश्वर तोषनीवाल के नेतृत्व में मंदिर ट्रस्टी मंत्री प्रहलाद भदादा, बालमुकुंद राठी, बद्रीलाल डाड, प्रमोद डाड,राकेश पटवारी, ओम मालू,रमेश बाहेती, रमेश जागेटिया, महावीर समदानी, कैलाश तोषनीवाल, संपत्ति ट्रस्ट कोषाध्यक्ष अशोक काबरा, संपत्ति ट्रस्ट मंत्री एवं जिला मंत्री रमेश राठी, नगर सभा मंत्री संजय जागेटीया, महेश सेवा समिति सचिव राजेंद्र कचोलिया, दिलीप तोषनीवाल, राजेंद्र भदादा, राहुल डाड,सुरेश गटयानी, शिव गटयानी आदि उपस्थत थे।

# सरकारी चिकित्सालय में 18 घंटे से मरे हुए बच्चे को पेट में लेकर तड़पती रही महिला

## बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने चिकित्सालय पहुंचकर शुरू करवाया इलाज

## हिंडोली से बच्चा मरने के बाद रैफर किया वहीं बूंदी में भी पीड़िता को 10 घंटे तक बेड तक नहीं मिला

स्मार्ट हलचल| बूंदी

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही ने हिण्डोली चिकित्सालय में गुरुवार को गर्भवती महिला के गर्भ में नौ माह के बच्चे की जान ले ली। गर्भ में ही बच्चा मरने के बाद मां की जान को भी खतरा उत्पन्न हो गया।जिसके बाद मां की जान बचाने और मृत बच्चे को निकलवाने के लिये गुरुवार सुबह 10 बजे के लगभग हिंडोली क्षेत्र के हरणा निवासी महिला खुशबू भील पत्नी मुकेश भील को बूंदी मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया।

### बिना बेड दिन भर बेंच पर ही तड़पती रही

बूंदी मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में प्रातः 10 बजे भर्ती होने के बाद भी मृत बच्चे को निकालना तो दूर भर्ती होने के 10 घंटे बाद गुरुवार



रात 8 बजे तक तो पीड़ित महिला को भर्ती होने बाद भी वार्ड में बेड भी नहीं दिया गया और उसे दिनभर बेंच पर ही लेटाकर छोड़ दिया गया।

### चर्मेश शर्मा ने चिकित्सालय पहुंचकर जताया आक्रोश

खुशबू भील का पीहर तालेड़ा क्षेत्र के गागोस गाँव मे है।चिकित्सालय में कोई सुनवाई नहीं होते देख खुशबू के पिता रामलाल भील ने राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा से मदद मांगी और अपनी बेटी का जीवन बचाने को बचाने की गुहार लगायी। जिसके बाद शर्मा चिकित्सालय पहुंचे और पीएमओ डॉ लक्ष्मीनारायण मीणा को दूरभाष पर सारी स्थिति से अवगत करवाया। और पीड़िता का जीवन बचाने के लिये पेट मे से मरा हुआ बच्चा निकालने के लिये समुचित चिकित्सा शुरू करवाने के लिए कहा। शर्मा ने पीड़िता को गंभीर स्थिति के बावजूद दिन भर बेंच पर ही लेट कर रखना और बेड नहीं देने पर भी कड़ा आक्रोश जताया।

### समय पर रैफर करते तो बच जाती बच्चे की जान

हिंडोली के हरणा निवासी खुशबू भील को प्रसव पीड़ा होने पर मंगलवार को हिंडोली राजकीय चिकित्सालय में दिखाया था।जहां पर उसे भर्ती कर लिया गया। चिकित्साकर्मी स्टाफ ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि इलाज हो रहा है।लेकिन गुरुवार सुबह 5 बजे जब परिजनों को पता चला कि नौ माह की गर्भवती महिला के पेट में ही बच्चे की गर्भ में मृत्यु हो गयी है तो सभी के पैरों तले जमीन खिसक गयी। चिकित्साकर्मियों ने दो दिन में एक बार भी परिजनों को नहीं कहा कि इलाज हमारे बस में नहीं है इसे बूंदी ले जाओ। बच्चा गर्भ में पूरे नौ माह का हो चुका था और हिंडोली चिकित्सालय में दो दिन पहले प्रसूता को भर्ती करने के बजाय इस समय बूंदी रेफर कर दिया जाता तो किसी भी अपाचे आपात स्थिति में सिजेरियन ऑपरेशन से बच्चे को बचाया जा सकता था।

### पीएमओ के निर्देश के बाद देर रात निकाला गया मृत बच्चा

पीएमओ डॉ लक्ष्मीनारायण मीणा ने राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशकवल चर्मेश शर्मा से घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल मातृ एवं चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक और नर्सिंग अधीक्षक को प्रसूता का जीवन बचाने के निर्देश दिये। पीएमओ के निर्देश के बाद तत्काल महिला को लेबर रूम में लिया गया और आवश्यक दवाइयां दी गयी। वार्ड में महिला को बैंच से हटाकर बेड पर भर्ती किया गया। । इस दौरान चर्मेश शर्मा भी चिकित्सालय में ही डटे रहे। कुछ ही देर में नर्सिंग अधीक्षक भी अपने घर चिकित्सालय पहुंचे और घटना पर खेद जताया। रात्रि 12:00 के लगभग शिक्षकों की टीम ने प्रसूता के गर्भ से मरे हुए बच्चे को निकाल लिया। इसके बाद परिजनों ने प्रसूता जीवन बचाने से राहत की सांस ली लेकिन गर्भ में पूरे 9 माह के मरे हुये बच्चे को देखकर सभी की आंखों से अश्रु धारा बह निकली।

# अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु बून्दी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही

119 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी चन्द्रप्रकाश गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी पुलिस थाना गेण्डोली जिला बून्दी के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करते हुए 119 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी चन्द्र प्रकाश पुत्र सोजी लाल मीणा उम्र 25 साल निवासी जावरा की झोपडिया थाना रायथल हाल गेण्डोली खुर्द की झोपडिया थाना गेण्डोली जिला बून्दी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है ।

जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी द्वारा अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम कर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देशो की पालना मे श्री हरलाल मीणा पुनि. थानाधिकारी पुलिस थाना गेण्डोली जिला बून्दी के नेतृत्व मे नशे के कारोबार करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वालो के विरुद्ध मुखबीर मामूर कर लगातार सूचनाए प्राप्त की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा दोराने नाकाबन्दी आरोपी चन्द्रप्रकाश के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 119 ग्राम जप्त कर अपराधी चन्द्रप्रकाश को गिरफ्तार किया गया। मामले मे एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# रैली की अनुमति नहीं देने पर परिसंघ ने की दिल्ली सरकार की निंदा



स्मार्ट हलचल

**बारां।** दलित ओबीसी माइनोरिटी एवं आदिवासी संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ (डोमा परिसंघ) की बैठक गत दिवस जिला कार्यालय पर हुई। जिसमें 30 नवम्बर को प्रस्तावित रैली की अनुमति नहीं देने पर दिल्ली सरकार की निंदा की गई। यह रैली संविधान बचाने सहित 7 अन्य मांगों को लेकर की जा रही थी। नगर उपाध्यक्ष कृष्णमुरारी मेहरा ने बताया कि बैठक के बाद संविधान दिवस मनाया गया। रावणजी का चौक स्थित अम्बेडकर भवन में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश पंकज ने सभी को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद एवं परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने 30 नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में संविधान बचाने को लेकर रैली आयोजित करने का आह्वान किया था। जिसकी पिछले 3 माह से पूरे देश में प्रचार-प्रसार व तैयारियां जारी थी। लेकिन एनवक्त पर भारी भीड़ जुटने का बहाना करते हुए दिल्ली सरकार ने रैली की स्वीकृति देने से इन्कार कर दिया। परिसंघ दिल्ली सरकार के इस अलोकतांत्रिक निर्णय की कड़ी निंदा करता है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि वे रैली जरूर करेंगे। स्थान कोई ओर होगा, जिन्हें डर है वे रैली में न आएं। बैठक में जिला मंत्री रमेशचंद यादव, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, नगर अध्यक्ष विनय सोन, संरक्षक अशोक नरवाल, राजेश बोद्ध, बाबूलाल, राधेश्याम पांचाल, कवि भैरवलाल भास्कर, पदम महावर, देवकीनंदन नरवाल आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर स्टार प्राप्त होने पर भारत स्काउट एवं गाइड्स के यज्ञदत्त हाडा को बधाई

एक प्रेस व्यक्ति में देहदानी नेत्रदानी स्वर्गीय श्रीमती अमिता भार्गव स्मृति संस्थान के अध्यक्ष अरुण भार्गव ने बताया कि आज स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर स्टार प्राप्त यज्ञदत्त हाडा के लखनऊ से कोटा पहुंचने पर बस स्टैंड पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया

स्मार्ट हलचल| लखनऊ

भारत स्काउटस एंड गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से भारत स्काउटस और गाइड्स का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान स्काउट गाइड गतिविधि के प्रति विशेष ,विशिष्ट एवं निरंतर समर्पित सेवा के मान्यता स्वरूप प्रदान किये गये है। राष्ट्रीय व्यस्क पुरस्कार संविधान दिवस,19वीं राष्ट्रीय जंबूरी ग्रैंड फिनाले एवं डायमंड जुबली सेलिब्रेशन के अवसर पर राज भवन उत्तर प्रदेश के सभागार में राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल द्वारा मलेशिया श्रीलंका, नेपाल व बांग्लादेश औरभारत देश के 74 पदाधिकारियो को सिल्वर एलीफेंट, सिल्वर स्टार ,बार टू मेडल का मेरिट एवं थैंक्स मेडल प्रदान किए गए।

इनमें से राजस्थान को 11 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए



पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सिल्वर स्टार अशोक आहूजा,कोटा के यज्ञ दत्त हाडा तथा झुंझुनू के प्रहलाद राय जांगिड़ एवं बीकानेर से सुश्री धनवंती बिश्नोई को प्रदान किया गया जबकि सिल्वर एलीफेंट सम्मान जगदीश चंद्र मोहती पूर्व मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड, आई ए एस शिव प्रसाद नकाते एवं नामित मेहता , राज्य आयुक्त अखिल शुक्ला को प्रदान किया गया, इन्हीं के साथ राज्य के मुख्य आयुक्त एवं पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य को थैंक्स मेडल प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल उद्बोधन में देशभक्ति पर जोर डालते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य तथा स्व का बोध पर प्रकाश डाला और पुरस्कार प्राप्त करने वालों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं अर्पित की। आयोजन के अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त के के खंडेलवाल सहित प्रदेश सरकारों के शिक्षा मंत्री, राज्यो के मुख्य आयुक्त एवं गणमान्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आहूजा को अब तक राष्ट्रपति स्काउट राष्ट्रपति रोवर अवार्ड सहित राष्ट्रीय पुरस्कार सिल्वर स्टार प्राप्त जबकि राज्य स्तर पर दीर्घ सेवा अलंकार, मेडल ऑफ मेरिट एवं बार टू मेडल मेरिट प्राप्त हो चुके हैं।

स्वागत करने वालों में आनंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटा जं के निदेशक आकाश भार्गव, ज्योतिषी मनोज यादव, सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज खान वन नोबेल स्टेप ,सुल्तान शेख नयापुरा बस स्टैंड ,अयूब भाई नयापुरा बस स्टैंड ने साफा माला पहनकर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित सिल्वर स्टार स्काउट एवं गाइड के यज्ञदत्त हाडा का स्वागत करा।

# भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में छगन माहुर बने प्रदेश उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**बारां।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं शीर्ष नेताओं की सहमति से अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे हाडोती क्षेत्र के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं बारां व झालावाड़ संगठन के प्रभारी रहे छगन माहुर को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया !

घोषणा होते ही बारां भाजपा मे खुशी की लहर दोड़ गई भाजपा शहर अध्यक्ष ओ पी पारेता ने पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़, बारां झालावाड के सांसद दुष्यंत सिंह का आभार व्यक्त किया वही शहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुँह मीठा करवाकर तुरन्त दुरभाष व सोशल मीडिया आदि माध्यमों से बधाई व शुभकामनाएं दी !



घोषणा के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिकरवार, विधायक राधेश्याम बैरवा, ललित मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश विजय, राजेंद्र नागर, जगदीश मीणा, नंदलाल सुमन वरिष्ठ नेता यशभानु जैन, रामस्वरूप यादव, संजीव भारद्वाज, जिला महामंत्री, हरगोविंद जैन, ब्रह्मनंद शर्मा, रामपाल मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन, सारिका सिंह चौहान, गोविंद सिंह चौहान, निर्मल माथोडिया, श्री कृष्ण मेहता, प्रवीण शर्मा, जयेश गालव, महावीर सिंह हाड़ाँ, मुकेश केरवालिया, जितेंद्र सिंह, योगेश राजोरा, भानु प्रताप रहलाई, ओम चकर्वर्ति, द्वारकालाल प्रजापति, देवेंद्र शर्मा, श्याम वैष्णव, धर्मेंद्र भार्गव, योगेश गोढ़, मयंक तिवारी, भवानी मेहरा, रमेश मीणा सत्यनारायण गुर्जर, कुंदन बना, निकलेश शर्मा, भगवती बैरवा, महेश यादव, विद्यारतन जयंत, रविंद्र गुणी, हंसु गुर्जर, विजेंद्र नागर, मनोज गोयल, वंश प्रताप, विजय पिपलानी, कौशल नागर, रितेश पंजाबी, रोहित नायक सहित बड़ी संख्या शहर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर खुशी जाहिर की।

# पूर्व मंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में यूरिया खाद की किल्लत से राहत दिलाने के लिए कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** राजस्थान के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचंद्र खटीक को बताया कि चित्तौड़गढ़ विधानसभा में किसानों को अपनी फसलों विशेषकर गेहूं, सरसों, चना की फसल सहित समस्त खड़ी फसलों की ग्रोथ में यूरिया की अति आवश्यकता है। वर्तमान में किसान को यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद की किल्लत के चलते किसानों को अपने सारे कामों को छोड़ कर लम्बी लम्बी लाईनों में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है, उसके बावजूद भी यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। इस परेशानी से राहत के लिए किसान को यूरिया उपलब्ध कराया जावे ताकि खड़ी फसल किसान के




हाथ से ना छूट जाए। फसल को यूरिया नहीं मिला तो सम्पूर्ण क्षेत्र में पैदावार पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिस पर एडीएम ने कहा कि प्रति बीघा एक खाद के हिसाब से आपूर्ति की व्यवस्था करेंगे जिस पर बड़े काश्तकार को भी खाद उपलब्धता में कोई कमी नहीं रहे। पूर्व राज्यमंत्री ने समर्थन मूल्य पर खरीद बढ़ाने एवं फसल खराबे के नुकसान के मुआवजे शीघ्र जारी करने के आग्रह पर उन्होंने कहा कि शीघ्र पोर्टल शुरू होगा जिस पर वास्तविक प्रभावित किसान आवेदन करेंगे एवं किसानों की समस्या का निदान करेंगे। प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में प्रतिनिधमंडल मंडल में ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, पूर्व पीसीसी सदस्य रामलाल जाट, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह भाटी, संगठन महामंत्री लादूलाल धाकड़, एनएसयूआई अध्यक्ष कान्हा वैष्णव, सरपंच दिनेश भोई, विधानसभा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह चौहान, किसान प्रकोष्ठ के रामस्वरूप जाट, हीरालाल, रतनलाल, धर्मेन्द्र, भेरूलाल, गोपाल सहित अन्य ग्रामीण ब्लॉक के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तेज़ रफ़्तार डम्पर ने कार को कुचला

स्मार्ट हलचल| सहारनपुर

गागलहेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सैयद माजरा निवासी एक परिवार सड़क हादसे में अकाल मौत का शिकार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई, तथा गांव में शोक और सन्नाटा पसर गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक परिवार के सभी सदस्य कार में सवार होकर गांव से निकले ही थे कि तभी तेज रफ़्तार डम्पर अचानक असंतुलित होकर कार पर पलट गया। टक्कर की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि देखते-देखते वाहन पिचक गया और 7 लोगों की मौत होने की सूचना है, दुर्घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया, सीओ सदर, थाना प्रभारी सहित भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे है और बचाव कार्य शुरू कराया गया। ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर उमड़ पड़े, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो गया, यातायात प्रभारी भी ट्रैफिक पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचकर व्यवस्था संभालने में जुटे हुए हैं। पुलिस ने वाहन हटवाने तथा शवों को बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया है। वही ग्रामीण अधिकारियों को मौके पर बुलाने पर अड़े हुए है और जमा लगाने की भी खबर आ रही है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर परिषद की कार्रवाई जारी



स्मार्ट हलचल| बूंदी

नगर परिषद् बून्दी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के तहत शहर में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को पुरानी परिषद् के पास स्थित सब्जी मंडी में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया तथा नियमों के उल्लंघन पर 1200 का जुर्माना भी वसूला गया। नगर परिषद् की यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान में स्वास्थ्य निरीक्षक राजकुमार संगेला, स्वास्थ्य निरीक्षक कालू हरित, इंजीनियर शुभम पारिक, फायरमैन महेन्द्र नायक, आशिक अली, जमादार आकाश झावा व महेश कौशिक सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। नगर परिषद् बून्दी नागरिकों से अपील करती है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा स्वच्छ और स्वस्थ बून्दी के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें।

# भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिक आक्रोश रैली की तैयारी प्रारंभ की

स्मार्ट हलचल| बूंदी

भारतीय मजदूर संघ, जिला बूंदी के द्वारा आगामी 26 दिसंबर को होने वाले श्रमिक आक्रोश रैली के संदर्भ में तैयारी बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित द्वारा कि तथा बैठक में ग्रामीण सहकारी बैंक के प्रदेश प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार शर्मा तथा राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामसं के प्रदेश अध्यक्ष श्री मेघवाहन सिंह का आथीतय प्राप्त हुआ।

भामसं जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित द्वारा बताया कि बैठक में आक्रोश शैली के उद्देश्यों पर चर्चा की गई तथा संपूर्ण प्रदेश से लगभग 100000 संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को जयपुर रैली में पहुंचना है जिनमें से बूंदी जिले से लगभग 1800 श्रमिक भाग लेंगे। इसलिए अलग-अलग



संगठनों को रैली में अपने-अपने कार्मिकों को लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कर्मचारी महासंघ,भामसं के प्रदेश अध्यक्ष श्री मेघवाहन सिंह ने बताया कि महासंघ, भारतीय मजदूर संघ का एक अभिन्न हिस्सा है अतः संपूर्ण प्रदेश से महासंघ के सभी कार्यकर्ता जयपुर रैली में अधिकतम संख्या में भाग लेंगे तथा बूंदी जिले से महासंघ,भामसं की तीन बसो से कार्यकर्ता जयपुर पहुंचकर आक्रोश रैली में अपना योगदान देंगे।

ग्रामीण सरकारी बैंक के प्रदेश प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि भारतीय मजदूर संघ सर्वप्रथम राष्ट्रहित का चिंतन करने वाला संगठन है किंतु अपने कार्यकर्ता और श्रमिकों का हित संगठन के लिए सर्वोपरि है अतः दोनों विचारों को ध्यान में रखते हुए भारतीय मजदूर संघ द्वारा आक्रोश रैली की जा रही है यह रैली श्रमिकों के सम्मान एवं हितों को देखते हुए अनुशासनात्मक ढंग से आयोजित की जाएगी तथा इसमें ग्रामीण बैंक के सभी कार्यकर्ता भाग लेंगे। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरोत्तम गॉड बताया गया कि सभी संगठनों को रैली में अपने-अपना कार्यकर्ताओं को लाने का संख्यात्मक आंकड़ा बता दिया गया है, जो दिसंबर के प्रथम सप्ताह में पूर्ण कर संगठन को अवगत करवाया जाना है ताकि आगे की तैयारियां पूर्ण की जा सके।

बैठक में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष तोलाराम जी, मुनीम संघ के रमेश जी नायक, कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुदेश गौतम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह मीणा,नर्सेज असोसिएशन के जिलाध्यक्ष रितेश सोनी, मंत्री भरत शर्मा, दिनेश मीणा, राजेंद्र शर्मा महिला महासंघ से अरुणा वैष्णव, दीक्षित पांडे, उमरानी, मंत्रालयिक परिषद के जिलाध्यक्ष विप्लव सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, दीपक राठौर, शोलाराम तथा सहायक कर्मचारी परिषद के भंवर सिंह, त्रिलोक गुप्ता के साथ-साथ कहीं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ तस्करी का 15 हजार का ईनामी आरोपी बस स्टेंड से गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी में वांछित 15 हज़ार रुपये का इनामी आरोपी को प्राइवेट बस स्टैण्ड से डिटेन कर राजनगर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी राजसमन्द जिले के राजनगर थाने में वांछित था। ऑपरेशन सुदर्शन चक्र के तहत एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन में जिला विशेष टीम द्वारा राजनगर जिला राजसमन्द पर एनडीपीएस एक्ट में फरार 15 हज़ार रूपये का वांछित आरोपी 35 वर्षीय मेम्बर उर्फ महेंद्र निवासी गुंदारेल थाना कनेरा को कोतवाली चित्तौड़गढ़ क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैण्ड के पास से डिटेन कर गिरफ्तार करवाया गया।

# कोटा विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित नए पाठ्यक्रमों की घोषणा

## विद्या परिषद की 25वीं बैठक में हिन्दू अध्ययन, ज्योतिष और वास्तुशास्त्र कोर्स को मिली मंजूरी

स्मार्ट हलचल| कोटा



उच्च शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कोटा विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से हिन्दू अध्ययन, ज्योतिष एवं वास्तुशास्त्र जैसे पारंपरिक विषयों को स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शुरू करने की घोषणा की है। कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत की अध्यक्षता में संपन्न विद्या परिषद की 25वीं बैठक में इन पाठ्यक्रमों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पहल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में तैयार किए गए ये पाठ्यक्रम प्राचीन भारतीय विद्याओं को आधुनिक शैक्षणिक ढांचे में समाहित करने का प्रयास हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन पाठ्यक्रमों को शिक्षा नीति-2020 और भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप बताया है।

### तीन नए विभागों का गठन

कुलगुरु प्रो. सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉमर्स और प्रबंधन शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए तीन नए विभागों का गठन किया गया है - वाणिज्य विभाग, प्रबंध अध्ययन विभाग तथा पर्यटन एवं आतिथ्य विभाग विभाग,उन्होंने कहा कि ये विभाग वर्तमान उद्योग परिस्थितियों और रोजगार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थापित किए गए हैं। इसी प्राकर सामाजिक विज्ञान के भी तीन विभाग बना दिए गए हैं भूगोल अर्थशास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग शामिल है।

### 23 जनवरी को दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय 23 जनवरी 2026 को दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। कई संकायों के अद्यतन पाठ्यक्रम को भी परिषद की मंजूरी मिल चुकी है।

### पाठ्यक्रमों में व्यापक संशोधन

विश्वविद्यालय की 23वीं और 24वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर परिपत्र विधि से कई संशोधन स्वीकृत किए गए हैं। बैंकिंग, पर्यटन प्रबंधन, योग विज्ञान और फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री सहित अनेक विषयों में नए पाठ्यक्रम लागू होंगे। पर्यटन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पांच वर्षीय एकीकृत दोहरी डिग्री कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जिसे रोजगारोन्मुखी और वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है।

### नए दिशानिर्देश और निरीक्षण प्रणाली

सत्र 2025-26 के लिए राज्य सरकार के नए दिशानिर्देशों के अनुसार, विश्वविद्यालयों को अपने अधिकार क्षेत्र में संचालित महाविद्यालयों में नियमित निरीक्षण, शैक्षणिक मूल्यांकन और संस्थागत मानकों की समीक्षा सुनिश्चित करनी होगी। यूजीसी के निर्देशानुसार, वर्ष 2023-24 के बाद स्थापित होने वाले महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा।

### एमसीए पाठ्यक्रम में सुधार

कंप्यूटर साइंस विभाग में एमसीए पाठ्यक्रम की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा संरचना में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। नए नियमों के तहत छात्रों को ष्टस्ठ स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाएगी। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य होंगे।

### डीन समिति का पुनर्गठन

अकादमिक मानकों की निगरानी और नई शिक्षा पद्धतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने डीन समिति का पुनर्गठन किया है। यह समिति सहित विभिन्न कार्यक्रमों की सतत समीक्षा और सुधार के लिए जिम्मेदार होगी। 10 अगस्त 2025 को आयोजित समिति बैठक में नए कार्यक्रमों को परिषद की अंतिम स्वीकृति प्राप्त हुई।

### नए स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कार्यक्रम

परिषद ने सत्र 2024-25 और 2025-26 के लिए अनेक नए कार्यक्रमों को स्वीकृति दी है, जिनमें फाइव ईयर इंटीग्रेटेड डुअल डिग्री प्रोग्राम इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, मास्टर इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, एमए इन योगिक साइंस, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इनकम टैक्स-लॉ एंड प्रैक्टिस, एम फार्मा के विभिन्न विशेषज्ञता कार्यक्रम, और पीजी डिप्लोमा इन एग्री-टूरिज्म, इवेंट मैनेजमेंट, मेडिकल टूरिज्म आदि शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि ये कार्यक्रम छात्रों को अधिक रोजगारोन्मुख अवसर प्रदान करेंगे और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करेंगे।

# डिमांड नोटिस जमा, फिर भी नहीं मिले कनेक्शन, ग्रामीणों का ग्रिड के बाहर दो घंटे धरना प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** बिजली विभाग की मनमानी और लापरवाही के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीणों और महिलाओं ने बिजली ग्रिड के मुख्य गेट पर करीब दो घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि डिमांड नोटिस जमा कराने के बावजूद महीनों से उनके घरेलू बिजली कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। तुलसीवाला निवासी महिला केला देवी, मिश्री देवी और बनारसी देवी ने बताया कि उन्होंने करीब एक वर्ष पहले घरेलू कनेक्शन के लिए 3404 रुपए जमा कराए थे और आवेदन भी किया था, लेकिन विभागीय कर्मचारी आज तक उनके घरों में कनेक्शन लगाने नहीं पहुंचे। महिलाओं ने कहा कि उन्हें रोजाना घर का कामकाज छोड़कर विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, पर अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे। इसी दौरान बिलाली निवासी सुनील ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने 8 मई 2024 को घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कनेक्शन जारी नहीं किया गया। सुनील ने बताया कि ठेकेदार सुआ लाल उनसे कनेक्शन लगाने के बदले 25 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। रिश्वत नहीं देने पर उनके कनेक्शन भी रोक दिया गया। धरना स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नारायणपुर पुलिस मौके पर तैनात रही। बाद में बिजली निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर महिला और ग्रामीणों की लंबित फाइलों का सेक्शन तुरंत जारी करने और मंगलवार तक कनेक्शन लगाने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। धरना प्रदर्शन के दौरान राकेश दायमा, ओमप्रकाश गुर्जर, जौहरी यादव, हनुमान शर्मा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# माजरा ढाकोड़ा और बासना को नई ग्राम पंचायत बनने पर विधायक का स्वागत



स्मार्ट हलचल| बानसूर

विधानसभा क्षेत्र में माजरा ढाकोड़ा और बासना को नई ग्राम पंचायतों का दर्जा मिलने से ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण है। शुक्रवार को दोनों पंचायतों के ग्रामीणों ने ज्ञानपुरा स्थित विधायक निवास पर पहुंचकर विधायक देवीसिंह शेखावत का साफा और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि अलग पंचायत बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिससे प्रशासनिक सुगमता, विकास कार्यों की गति और स्थानीय समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि नई पंचायतों के गठन से राजस्व कार्य, सामाजिक योजनाओं और विकास परियोजनाओं का लाभ सीधे मिल सकेगा। इस दौरान शिक्षा, सड़क, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने संबंधी सुझाव भी दिए गए। विधायक शेखावत ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि नई पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिल्ली पुलिस के जवान की सड़क हादसे में मौत, अंतिम यात्रा में साथियों ने दी सलामी

स्मार्ट हलचल





**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत कोलाहेडा में स्थित पायला की ढाणी निवासी महेंद्र सिंह गुर्जर (37), जो दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे, शुक्रवार को एक सड़क हादसे में जिंदगी की जंग हार गए। महेंद्र सिंह वर्ष 2010 में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुए थे और इस समय द्वारका नॉर्थ स्टेशन सेक्टर-17 में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को महेंद्र सिंह अपने दोस्तों के साथ नारनौल से एक मिलने वाले की शादी में शामिल होकर कार से दिल्ली लौट रहे थे। रास्ते में रोहतक आईएमटी थाना क्षेत्र के पास कार और ट्रक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में महेंद्र व अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया, जहां कई दिनों से उनका उपचार चल रहा था। हालांकि, शुक्रवार को महेंद्र ने दम तोड़ दिया। महेंद्र सिंह अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर से परिवार, गांव और दिल्ली पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को महेंद्र की अंतिम यात्रा में दिल्ली पुलिस के उच्च अधिकारी, जवान और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल हुए। साथी पुलिसकर्मियों ने महेंद्र को अंतिम सलामी देकर भावुक विदाई दी। अधिकारियों ने कहा कि महेंद्र एक मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ और मेहनती जवान थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। वहीं घर पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में भी हर आंख नम दिखाई दी। महेंद्र की असमय मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया है।

# गैंगवार का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल| बानसूर

स्थानीय थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार की देर शाम को हरसौरा रोड़ पर हुई फायरिंग और गाड़ी से कुचलने के मामले का खुलासा करते हुए दोनों पक्ष के चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। डीएसपी मेघा गोयल ने बताया कि बुधवार की देर शाम को बानसूर के हरसौरा रोड़ पर 132 केवी जीएसएस के सामने राजा होटल पर आपसी रंजिश को लेकर थार गाड़ी और स्विफ्ट कार में सवार होकर आए बदमाशों ने बाईक पर सवार होकर होटल से बाहर निकल रहे युवकों को कुचलने की नीयत से टक्कर मार दी। बदलें में बाईक सवार युवकों ने थार गाड़ी पर फायरिंग कर दीं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करवाया था। डीएसपी गोयल ने बताया कि महिपाल गुर्जर उर्फ एमपी व विनोद पोसवाल के बीच कई दिनों से आपसी रंजिश चल रही थी जिसको लेकर हीं आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एमपी गैंग से जुड़े फायरिंग करने वाले घनश्याम गुर्जर,भीमराज गुर्जर व अशोक गुर्जर निवासी माजरा रावत को गिरफ्तार किया हैं। तों वहीं विनोद पोसवाल के साथी गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने का प्रयास करने वाले एक आरोपी अनिल पोसवाल को गिरफ्तार किया है।डीएसपी गोयल ने बताया कि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक ब्लैक थार गाड़ी को जप्त किया है आरोपी घनश्याम गुर्जर व भीमराज गुर्जर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 15-15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# खाद और बिजली की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र किसानों ने खाद और बिजली टोल टैक्स से जुड़ी समस्याओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।जवान सिंह मोहचा ने बताया कि इन दिनों किसान खाद के लिए दर दर भटक रहे हैं, लेकिन बाजार में यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की है, कि क्षेत्र में तुरंत यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बताया कि कृषि कार्य प्रभावित हो रहें हैं, इसलिए क्षेत्र में कम से कम छह घंटे नियमित बिजली आपूर्ति दी जाए। ज्ञापन में यह भी बताया कि ग्राम सेवा से जुड़े किसानों को 30 किलोमीटर के दायरे में टोल टैक्स से छूट प्रदान की जाए, ताकि किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# दिवा बीजेपी और महिला मोर्चा का फ्री मैमोग्राफी कैंप हुआ सपन्न

## महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती सपना भोईर का खास आयोजन

स्मार्ट हलचल



**ठाणे/दिवा।** भारतीय जनता पार्टी दिवा मंडल महिला मोर्चा ने ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन हेल्थ डिपार्टमेंट के ज़रिए दिवा इलाके के अगसान में महिलाओं के लिए फ्री मैमोग्राफी कैंप लगाया। दिवा बीजेपी महिला मोर्चा प्रेसिडेंट श्रीमती सपना रोशन भगत ने अगसान गांव के दत्ता मंदिर में महिलाओं के लिए फ्री ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस और मैमोग्राफी कैंप लगाया। कैंप सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला। कैंप में महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के बारे में अवेयर किया गया और ज़रूरी चेक-अप के साथ फ्री मैमोग्राफी की सुविधा दी गई। आयुष्मान भारत योजना के तहत एलिजिबल बेनिफिशियरी के लिए हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड बनाए गए। कैंप ठाणे डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव मेंबर और कन्वीनर रोशन भगत और दिवा मंडल प्रेसिडेंट सचिन भोईर की गाइडेंस में लगाया गया। ऑर्गनाइज़र ने बताया कि इस कैंप का मुख्य मकसद महिलाओं की हेल्थ के बारे में अवेयरनेस बढ़ाना, कैंसर जैसी बीमारियों का जल्दी पता लगाना और गरीब और ज़रूरतमंद महिलाओं को फ्री हेल्थ फैसिलिटी देना है। दिवा इलाके की महिलाएं बड़ी संख्या में आईं और इस कैंप का फायदा उठाया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी दिवा शील मंडल के प्रेसिडेंट सचिन भोईर, दिवा शील मंडल के वाइस प्रेसिडेंट नितिन कोरगांवकर, ठाणे डिस्ट्रिक्ट ओबीसी मोर्चा के वाइस प्रेसिडेंट विनोद भगत, सुधीर म्हात्रे, प्रवीण पाटिल, रेशमा पवार, ठाणे डिस्ट्रिक्ट के वाइस प्रेसिडेंट विजय भोईर, जिलाजीत तिवारी, अशोक गुप्ता, विट्ठल गावड़े, विजय वाघ, राकेश पंडित, प्रकाश पाटिल, गणेश सावंत, दिनेश जाधव, अग्री महिला शक्ति प्रतिष्ठान की प्रेसिडेंट उषा मुंडे के साथ-साथ बीजेपी के सभी पदाधिकारी और वर्कर मौजूद थे।

# महात्मा ज्योतिबा फुलें की 135 वीं पुण्यतिथि मनाई

स्मार्ट हलचल | बानसूर



कस्बें की दयाला वाली स्थित सैनी महासभा समिति भवन में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुलें की 135 वीं पुण्यतिथि मनाई। सैनी समाज के लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने ज्योतिबा फुले के विचारों,महिला शिक्षा, सामाजिक समता और शोषित वर्गों के उत्थान पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान बानसूर सर्किल पर महात्मा फुले औंर माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा स्थापना पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी, संरक्षक ताराचंद सैनी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# सोशल मीडिया पर गैंगस्टरों को फॉलो करने वाले छह युवक गिरफ्तार, स्कॉर्पियो जब्त



स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक, चूरू, जय यादव ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर रेंज, हेमंत शर्मा के निर्देशानुसार गैंगवार, संगठित गिरोहों और अन्य बदमाशों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, सहायक पुलिस अधीक्षक वृत राजगढ़, अभिजीत पाटील के सुपरविजन में हमीरवास पुलिस थाना टीम ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने उन छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जो सोशल मीडिया पर सक्रिय रूप से गैंगस्टरों को फॉलो करते थे।

पुलिस ने बताया कि दिनांक 28 नवंबर 2025 को ये सभी व्यक्ति एक काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार थे और नाकाबंदी देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस टीम ने तुरंत पीछा कर उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए छह आरोपियों में विजेंद्र (40), पुत्र जयलाल निवासी ढाणी खींवा; विकम (26), पुत्र सुरेंद्र निवासी गुसाईयों की ढाणी; धर्मवीर (30), पुत्र धनरूप निवासी गुसाईयों की ढाणी; विजेंद्र (30), पुत्र दीपाराम निवासी गुसाईयों की ढाणी; संजय (24), पुत्र महेशगीर निवासी घणाउ; और पवन (25), पुत्र सुखवीर निवासी घणाउ शामिल हैं।

सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी को भी मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) की धारा 207 में सीज कर लिया गया है। इस सफल कार्यवाही में थानाधिकारी रायसिंह (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में महेंद्र कुमार (सउनि), सुरेंद्र सिंह (कानि. 379), कपिल (कानि 1059), और अमित कुमार (कानि 433) की टीम शामिल रही। पुलिस ने इस कार्रवाई को संगठित अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# समुद्री कूटनीतिः आईएनएस विक्रांत और उदयगिरी ने लिया अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में हिस्सा

स्मार्ट हलचल



**कोलंबो।** भारत का पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत स्वदेशी रुप से निर्मित फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरी के साथ कोलंबो में श्रीलंका नौसेना द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2025 में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व कर रहा है। यह यात्रा दोनों जहाजों की पहली विदेश तैनाती को दर्शाती है और क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इसे भारत की समुद्री डिप्लोमेसी का हिस्सा माना जा रहा है, जो हिंद महासागर के देशों पर आधारित है। इसके साथ ही भारत अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति पर चलते हुए लगातार श्रीलंका को वित्तीय मदद भी दे रहा है, ताकि आर्थिक रूप से बदहाल पड़ोसी देश के हालात सुधर सके। 27 से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित यह कार्यक्रम श्रीलंका नौसेना की 75वीं वर्षगांठ समारोह का एक हिस्सा है और इसमें कई देशों के नौसेनिक जहाजों, प्रतिनिधिमंडलों और पर्यवेक्षकों की भागीदारी शामिल है। श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने आईएनएस विक्रांत पर आयोजित रिसेप्शन होस्ट किया, जिसमें श्रीलंकाई स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जय ने भी शिरकत की।

श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा आईएनएस विक्रांत का श्रीलंका में स्वागत है। देश के गौरव और मेक इन इंडिया की बेहतरीन खूबियों का प्रतीक, आईएनएस विक्रांत भारत के समुद्री पुनरुत्थान का एक स्थायी प्रतीक है।

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की ओर से 28 नवंबर को जारी एक बयान में कहा गया है, स्वदेशी रूप से निर्मित और राष्ट्र के गौरव आईएनएस विक्रांत की अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू में पहली भागीदारी हिन्द महासागर क्षेत्र में भागीदार नौसेनाओं के साथ भारत के निरंतर जुड़ाव को उजागर करती है तथा सहयोग और अंतर संचालनीयता के माध्यम से शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने पर भारत के जोर देने को दर्शाती है।

बयान में आगे कहा गया हाल ही में कमीशन किए गए आईएनएस उदयगिरी की भागीदारी भारत की उन्नत स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमताओं तथा आईओआर में इसकी संतुलित, विस्तृत नौसैनिक उपस्थिति को और प्रदर्शित करती है।

कोलंबो में अपने ठहराव के दौरान ये जहाज प्रमुख आईएफआर कार्यक्रमों भाग लेंगे, जिनमें औपचारिक फ्लीट रिव्यू, सिटी पेरड, सामुदायिक आउटरीच गतिविधियां और पेशेवर नौसैनिक संवादों शामिल हैं।

जनसंपर्क पहलों के हिस्से के रूप में ये जहाज आईएफआर 2025 के दौरान आगंतुकों के लिए भी खुले रहेंगे। इसलिए भारतीय जहाजों खासकर विक्रांत के कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचने पर उसे देखने वाले लोगों की भीड़ लग गई। इस विशालकाय युद्धपोत के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में श्रीलंकाई और भारतीय प्रवासी नागरिक बंदरगाह पहुंच रहे हैं।

### किसान महापंचायत ने आंदोलन कर कलेक्टर कार्यालय का घेराव की रणनीति बनाई

# दाखिया बांध की 25 को खुलने वाली नहर 28 नवंबर को भी नहीं खुली - किसान चिंतित

स्मार्ट हलचल । टोंक

दाखिया बांध के किसानों को फसल जलतीं दिखाई दें रहीं हैं जबकि बांध में पानी की कोई कमी नहीं उसके उपरांत भी 25 नवंबर 2025 को नहरों में पानी छोड़े जाने की सहमति बनी थी उसके उपरांत 28 नवंबर 2025 को नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसान महापंचायत लोकसभा प्रभारी भरतराज मीना के नेतृत्व में नहर पर अन्नदाताओं को मजबूरी में पड़ाव करना पड़ा।दाखिया बांध समिति के निर्णय के विपरीत चल



रहा है बीसलपुर सिंचाई परियोजना अधिकारी किसान महापंचायत ने विभाग के अधिकारियों पर उदासीनता के आरोप लगाए है जो तय तिथि को बिना विचार विमर्श आगे बढ़ाने में लग गए।जिसके कारण किसानों को अधिकारियों के खिलाफ ही परेशान होकर आन्दोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।किसान कड़ी मेहनत से फसल तैयार करता है।पूरा परिवार एक यूरिया के कट्टे के लिए कड़ी मेहनत कर घर तक लेकर गया अब पानी के इंतजार में नहर के ऊपर ही पड़ाव जारी करना पड़ाव स्थानीय प्रतिनिधियों को भी ध्यान देने की अतिआवश्यकता है।इसी प्रकार की लापरवाही ज्यादा दिनों तक नहीं चलने वाली किसान अब जनप्रतिनिधियों के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने की और कदम बढ़ाएंगे जिसमें संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए पुतला जलाना, नारेबाजी करना,धरना देना प्रदर्शन करना आरंभ करेगा।बीसलपुर के अधिकारी अभी तक तो 256 गांव की 700 किलोमीटर की नहर में पानी छोड़ने पर भी विचार नहीं कर रहा है जिसमें विधानसभा के 3 विधायक एक जिला प्रमुख एक सांसद का प्रतिनिधित्व होता है।किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि लापरवाह अधिकारियों पर कलेक्टर द्वारा जिम्मेदारी तय नहीं करना भी कहीं ना कहीं जले पर नमक छिड़कने जैसा प्रतीत हो रहा है।

## भिनाय के गनाहेड़ा गांव की बेटी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

### छोटे से गांव का किया बिटिया ने नाम रोशन

स्मार्ट हलचल



**बांदनवाड़ा अजमेर।** अजमेर जिले की भिनाय ब्लॉक के राउमावि गनाहेड़ा विद्यालय की छात्रा प्रियंका जांगिड़ का सेपक टकरा खेल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से विद्यालय गनाहेड़ा गांव एवं पूरे ब्लॉक में खुशी की लहर दौड़ गई है।

प्रधानाचार्य रश्मि मालवीय ने बताया कि सेपक टकरा खेल के जिला स्तर पर चारों वर्ग में विजेता बनने के बाद राज्य स्तर पर अजमेर जिले का प्रतिनिधित्व किया और अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रियंका जांगिड़ का चयन एक गौरवमय क्षण है।

प्रियंका के कोच श्योजीराम बैरवा एवं अजमेर जिले के कोच कमल किशोर हाडा ने उसकी प्रतिभा को निखारने में पूरा सहयोग किया। विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने प्रियंका को राष्ट्रीय स्तर पर चयन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## स्वेटर पाकर खिले बच्चों के चेहरे



### परिहार ने की शिक्षा परिवार में अच्छी पहल

स्मार्ट हलचल

**बांदनवाड़ा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रूपपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपपुरा ( देवपुरा ) ग्राम में आज दिनांक 28, 11, 2025 गुरुवार के दिन जरूरतमंद बच्चों को स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान किशन गोपाल परिहार के द्वारा स्कूली बच्चों को शीतकालीन महा में ऊनी वस्त्र स्वेटर वितरित किए गए जिससे बच्चे स्वेटर पाकर बहुत खुश हुए। इस स्वेटर वितरण कार्यक्रम में शाला प्रांगण के समस्त अध्यापक गणों ने परिहार की प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपपुरा बांदनवाड़ा के संस्था प्रधान किशन गोपाल परिहार ने एक शिक्षक समाज में बहुत ही बड़ी पहल की है इस आयोजन में संस्था प्रधान परिहार व उनके साथ के समस्त शिक्षक गण जिसमें प्रीतम कुमार जैन प्रधानाध्यापक रा प्रा वि गज्जानाडी , हनुमान प्रसाद चौधरी प्रधानाध्यापक रा प्रा वि रामपुरा व राम सिंह चौधरी, ममता बसुर, विनीता टेलर ,प्रतिष्ठा कुमावत, ममता नायक, रेणुका सिंघवी आदि शिक्षक इस आयोजन में उपस्थित रहे।

## भैरूधाम की गरिमा पर वार से भड़का सर्व समाज, प्रशासन को कड़ी चेतावनी– दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में फूट पड़ेगा भारी जन विस्फोट

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम मेहरुखुर्द स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री भैरूधाम लाल धागे सरकार की पवित्र प्रतिष्ठा और छवि के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे फर्जी व भ्रामक ऑडियो-वीडियो मामले में सर्व समाज का आक्रोश चरम पर पहुंच गया। सावर तहसील और जहाजपुर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सावर उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा को जिला कलेक्टर अजमेर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि दो परिवारों के निजी विवाद को दुर्भावना से धार्मिक स्थल से



जोड़कर भैरूधाम की प्रतिष्ठा को निशाना बनाया जा रहा है। कुछ स्वार्थी तत्व एआई तकनीक का दुरुपयोग कर फर्जी व भ्रामक सामग्री तैयार कर सोशल मीडिया पर फैलाते हुए धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द को आघात पहुंचा रहे हैं।

सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते जांच पूरी कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रवासी व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि धार्मिक स्थल की पवित्रता से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान उपखंड कार्यालय परिसर जनसैलाब में तब्दील हो गया। लोगों ने मांग की कि दोषियों की पहचान कर कठोर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। भैरूधाम की गरिमा बचाने के लिए सर्व समाज का यह एकजुट विरोध अब बड़े आंदोलन का संकेत दे रहा है, जिससे प्रशासन पर त्वरित कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है।

## 3 करोड़ लागत से होगा सीएचसी भवन निर्माण



स्मार्ट हलचल

**बांदनवाड़ा अजमेर।** जो कहा वो किया मसूदा विधायक हर मौके पर सजग बांदनवाड़ा क्षेत्र वासियों को चिकित्सा के क्षेत्र में एक ओर सौगात बांदनवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 50 बेड में क्रमोन्नत के बाद भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय श्री भजन लाल जी शर्मा साहब, चिकित्सा मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खीवसर साहब, मसूदा विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह कानावत साहब का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद।

## गोविंद नगर पुलिस ने कई अपराधियों को भेजा जेल, जारी सघन गश्त

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। अगर किसी के साथ कोई भी अपराधिक घटना होती है तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को अवश्य देनी चाहिए ,क्योंकि पुलिस आम जनता के हित में ही सदैव तत्पर और सक्रिय है।

इस आशय के विचार यहां क्षेत्र में गश्त के लिए अपनी टीम के साथ निकले गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह ने लोगों से संवाद के दौरान व्यक्त किये।

अवगत कराते चलें कि आम जनता में सुरक्षा की भावना को और प्रगाढ़ करने के लिए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही लगातार गश्त में भी जुटे अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुके गोविंद नगर के तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और बचन के पक्के इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह का प्रगाढ़ सेवा भी



ऐसा सराहनीय हैं कि उनके पास आने वाला कोई भी फरियादी कभी निराश होकर नहीं लौटता।

अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन में भी अग्रणी तथा पीड़ितों की तत्काल सहायता और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के गोविंद नगर के जुझारू तेवरों वाले रिकेश कुमार सिंह किसी भी पीड़ित के लिए तब तक जुटे रहते हैं। जब तक उसकी समस्या का संतोषजनक निस्तारण नहीं हो जाता।

इसी के साथ उनकी कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह जहां उचित पात्र लोगों की जहां हर संभव सहायता करते हैं 7 वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते7 यही वजह है कि कर्तव्य के प्रति उनकी यही प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

## कांग्रेस संगठन का विस्तार और समस्याओं को उठाना ही पहली जिम्मेदारी इंदिरा मीणा

स्मार्ट हलचल

वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र सबाई माधोपुर की नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंदिरा मीणा के क्षेत्र में आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता महासचिव डा सद्दाम मुजतुबा मोहसिन खान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शाल ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि वह समाज के हर वर्ग को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगी। इंदिरा मीणा ने बताया कि कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना संगठन का विस्तार करना



और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना उसकी पहली जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ कांग्रेसजन युवा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने 20 करोड़ 25 लाख रुपये की सड़क परियोजना का शिलान्यास किया



स्मार्ट हलचल| बानसूर

क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने शुक्रवार को चैनपुरा में मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के तहत स्वीकृत 20 करोड़ 25 लाख रुपये की सड़क परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना एसएच-52 से नीमुचाना, कुंडली और चैनपुरा तक 13 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत की गई है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।शेखावत ने कहा कि बानसूर क्षेत्र में विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है और सड़क निर्माण पूर्ण होने पर आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिनसे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर नीरज कुमार तोंनगरियां, माली देवी, देवी सिंह, जिला पार्षद कमलेश देवी, संदीप चौधरी, विजय गोठवाल, नगेंद्र सिंह, श्याम सिंह तंवर, सत्येंद्र शर्मा सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

## माह के अंतिम रविवार बंद रहेंगें बाजार

**चित्तौड़गढ़।** व्यापार महासंघ संस्थान द्वारा पूर्व माह के अंतिम रविवार के अवकाश को लेकर लिये गये निर्णयानुसार 30 नवम्बर रविवार को नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। संस्थान के अध्यक्ष सुनील जागेटिया ने बताया कि संस्थान के आव्हान पर 30 नवम्बर रविवार को नगर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेगे। संस्थान के महासचिव राजकुमार बज ने सभी व्यापारियों से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है।

सचिव प्रतीक बोहरा ने बताया कि संस्थान के वार्षिक उत्सव में अंतिम रविवार का कैलेंडर जारी किया जायेगा।

## इटावा पहुँचे मृदुल तिवारी की युवाओं से अपील, दर्शकों को साफ सुथरा कॉन्टेंट दें

### मृदुल ने बिग बॉस को लेकर कह दी बड़ी बात, मेरे साथ बिग बॉस में अन्याय हुआ

स्मार्ट हलचल

**इटावा।** अपने पैतृक जनपद इटावा पहुँचने पर मृदुल तिवारी का भव्य स्वागत किया गया। और पटाखे छोड़ें। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बिगबॉस से बाहर होने पर अन्याय की बात कही। उन्होंने युवाओं को हर अवसर का लाभ उठाने और ईश्वर पर भरोसा रखने का संदेश दिया। फेमस यूटूबर व बिग बॉस सीजन -19 के प्रतिभागी मृदुल तिवारी का शहर में आगमन पर गुरुवार को जोरदार स्वागत किया गया। शहर के रामलीला ग्राउंड में आयोजित एक कार्यक्रम में युवाओं ने उनका स्वागत किया। शाम को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि 25 साल बाद वे शहर की धरती पर आए हैं। लोगों ने मुझे प्यार दिया। बिगबास को लेकर



उन्होंने कहा कि चार वोटों को लेकर मुझे बिगबॉस से बाहर कर दिया गया था। हालांकि मुझे खराब यह लगा था कि कहीं न कहीं मेरे साथ अन्याय हुआ है। इटावा के लोगों ने बिग बॉस में काफी सपोर्ट किया था। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि जिस किसी प्लेटफार्म में उन्हें जाने का मौका मिले वे जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि वे रियलिटी शो में रियल बनकर गए थे। गेम खेलने के तौर पर नहीं गए थे। मुझे जनता का असीम प्यार मिला है। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा मौका मिला तो वे बिग बॉस में जरूर जाऊंगा। ईश्वर पर भरोसा रखो, जीवन में अच्छे दोस्त बनाओ।

पत्रकारों के एक सवाल पर आजकल युवा यूट्यूब व इंस्टाग्राम पर कॉमेडी वीडियो के नाम पर में फॉलोवर बढ़ाने और पैसे कमाने के लिए अश्लीलता परोस रहे हैं, इस पर मृदुल ने कहा युवाओं को साफ सुथरा कॉन्टेन्ट लोगों को देना चाहिए ताकि समाज में उनकी छवि साफ सुथरी बनी रहे ऐसा पैसा कमाने से क्या फायदा जिससे समाज में गंदगी फैले। इटावा से बापस नोएडा जाते समय मृदुल तिवारी हाइवे पर जितेंद्र यादव 'मोना' के आवास पर भी रुके। और परिवार के सदस्यों से मिले।

## जूनियर छात्र-छात्रा खो-खो प्रतियोगिता की टीम का चयन 2 को

**आकोला।** 44वीं जिला स्तरीय जूनियर छात्र-छात्रा खो-खो प्रतियोगिता के लिए टीम चयन ट्रायल 2 दिसंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आयोजित किया जाएगा।

जिला सचिव राजेश ओझा ने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर खो-खो प्रतियोगिता एस.बी.एस. शिक्षण संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीकर में 6 से 8 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार भट्ट के अनुसार इस जिला स्तरीय टीम चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, जन्म तिथि के प्रमाण के लिए 8वीं या 10वीं की मार्कशीट और पांच पासपोर्ट साइज फोटो लाने होंगे। इसके अतिरिक्त, खिलाड़ियों को 100 रुपये का पंजीकरण शुल्क भी जमा करना होगा। खिलाड़ियों का पंजीकरण प्रातः 10 बजे से शुरू होगा, जबकि ट्रायल सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो जाएंगे।

## धार्मिक आस्था : श्री जगजीत महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार तेज़ी से जारी

### निर्माण कार्य में भामाशाहों के सहयोग की अपील



स्मार्ट हलचल

चाकसू कस्बे के गोलीराव तालाब के पास स्थित प्राचीन श्री जगजीत महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य वर्तमान में तेजी से प्रगति पर है। वर्षों पुराने इस शिवालय की संरचना कमजोर होने के चलते स्थानीय लोगों ने इसके पुनर्निर्माण का संकल्प लिया है। जानकारी के अनुसार नींव से लेकर शिखर तक का कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है, लेकिन आगे के निर्माण कार्य के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं और स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के भामाशाहों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में आगे आकर सहयोग प्रदान करें। उनका कहना है कि जनसहयोग से यह ऐतिहासिक धरोहर अपने भव्य स्वरूप में जल्द ही पुनर्स्थापित हो सकेगी। प्रत्येक छोटा-बड़ा योगदान मंदिर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# स्याला सुखपुरा के ग्रामीण नाराज, नई पंचायत का विरोध: गुराई में ही रखने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया, बोले- आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगे

स्मार्ट हलचल

**दूनी/घाड़।** नगरफोर्ट तहसील क्षेत्र के ग्राम स्याला सुखपुरा के ग्रामीणों ने नई पंचायत सीमा निर्धारण का विरोध किया है। ग्रामीणों ने अपने ग्राम को पंचायत गुराई से हटाकर नवीन पंचायत जगन्नाथपुरा में शामिल करने के निर्णय को अव्यावहारिक बताते हुए जिला कलेक्टर टोंक को ज्ञापन सौंपा।

### नई पंचायत लगभग 12-14 किलोमीटर दूर

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम स्याला सुखपुरा की भौगोलिक स्थिति, आवाजाही की सुविधाएं,



मूलभूत आवश्यकताएं और ऐतिहासिक जुड़ाव पंचायत गुराई से ही है। वर्तमान में स्याला सुखपुरा से गुराई पंचायत की दूरी मात्र 2-3 किलोमीटर है। नई निर्धारित पंचायत जगन्नाथपुरा लगभग 12-14 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों का तर्क है कि इतनी अधिक दूरी के कारण आमजन के दैनिक कार्य प्रभावित होंगे। बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

### ग्राम पंचायत गुराई में ही रखा जाए

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वर्तमान व्यवस्था सालों से सुचारू रूप से चल रही है। सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक सभी कार्य पंचायत गुराई में सरलतापूर्वक संपन्न होते रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम स्याला सुखपुरा को पुनः ग्राम पंचायत गुराई में ही रखा जाए और नवीन पंचायत जगन्नाथपुरा में शामिल करने के निर्णय को वापस लिया जाए।

### आगामी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि स्याला सुखपुरा को नवीन पंचायत में जोड़ा गया, तो वे आगामी चुनावों में मतदान का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट कमलेश मीणा के नेतृत्व में रामफूल, दिनेश, पप्पू, मोहित, हेमराज, शोराज, गोपाल, कजोड़ और रामप्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञापन पर ग्रामीणों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान भी थे, जिसके माध्यम से उन्होंने अपने संवैधानिक अधिकारों और जनहित के आधार पर अपनी मांग दर्ज कराई।



# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है?**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।





**आप चाहे मानसिक काम अधिक करते हैं या शारीरिक काम। यदि आपको काम करते समय बहुत जल्दी थकान होने लगती है तो इसका एक अर्थ यह होता है कि आपके शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या है। जी हां, केवल पोषण की कमी के कारण ही नहीं बल्कि शरीर में पानी की कमी के कारण भी जल्दी थकान होती है। जो लोग नियमित रूप से जरूरी पानी नहीं पीते हैं, उन्हें काम करते समय अधिक थकान होना और अन्य लोगों की तुलना में जल्दी थकान होने जैसी समस्याएं होती हैं। जानें, जल्दी थकान होने के अन्य कारण और उनके निवारण के तरीके**

# लगातार बनी रहती है थकान तो ऐसे रखें अपना ध्यान

## जल्दी थकने की वजह

- आमतौर पर जो लोग बहुत जल्दी थकान होने की समस्या से पीड़ित होते हैं, उनके शरीर में कुछ खास तत्वों की कमी देखने को मिलती है.
- पानी की कमी
- खून की कमी
- विटमिन-बी12 की कमी
- फोलेट या फॉलिक एसिड की कमी देखने को मिलती है।

जल्दी थकान से बचने के तरीकों में ना केवल अपने खान-पान पर ध्यान देना है बल्कि यह भी ध्यान देना है कि जिस डायट का सेवन आप कर रहे हैं और जिन ड्रिंक्स को आप ले रहे हैं, क्या वे आपके शरीर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। यहां जानें कैसे रखा जाएगा इस बात का ध्यान.



## तरल पदार्थों का सेवन

- जल्दी-जल्दी होने वाली थकान की समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि आप तरल पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। इनमें जूस, सूप, छांछ, दाल इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही समय-समय सादा पानी पीते रहें। वयस्कों को हर दिन कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए।

## तनाव को नियंत्रित करना सीखें

- जल्दी थकने की एक बड़ी वजह लगातार बना रहनेवाला तनाव भी होता है। तनाव का कारण चाहे जो भी लेकिन यह व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जल्द थका देता है। इसलिए तनाव से बचने के लिए हर दिन कुछ समय के लिए मेडिटेशन यानी ध्यान जरूर करें। यह आपको मानसिक रूप से फिट रखने का काम करेगा।

## फलियों का सेवन करें

- हरी फलियां कई तरह की वरायटी में आती हैं। खास बात यह है कि मौसम की प्रकृति और उस दौरान शरीर की जरूरत के अनुसार हर सीजन में आनेवाली फलियां पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।
- हरी फलियां फाइबर युक्त होती हैं और इनका पाचन धीमी गति से होता है। इसलिए ये शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा देने का काम करती हैं, जिससे शरीर पर थकान कम हावी होती है।

## ड्राईफ्रूट्स

- ऐसा नहीं है कि ड्राईफ्रूट्स का सेवन केवल सर्दियों में ही करना चाहिए। बल्कि सीमित मात्रा में और दूध के साथ ड्राईफ्रूट्स का सेवन गर्मियों में भी हर दिन किया जा सकता है।
- क्योंकि ड्राईफ्रूट्स केवल हमारे शरीर को गर्माहट देने का ही काम नहीं करते हैं बल्कि पोषण देने का काम भी करते हैं। शरीर की कमजोरी को दूर करने में मीट भी अच्छी भूमिका निभाता है। लेकिन कोरोना संक्रमण के दौर में हम आपको मीट खाने की सलाह नहीं देना चाहते हैं। इस समय में आप थकान से बचने के लिए ड्राईफ्रूट्स यानी सूखे मेवों का सेवन कर सकते हैं।



# शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण

शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है। शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण और कारण क्या होते हैं.

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।
- जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

## हो सकती हैं ये बीमारियां

- यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।
- ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।

## शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कारण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।
- जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।
- जिन लोगों के भोजन में आयरन की मात्रा कम होती है अगर वे लंबे समय तक इसी तरह का भोजन लेते रहें तो उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। क्योंकि फेफड़ों सहित पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह करने में आयरन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



# चैन की नींद सोना है तो जरूर करें यह काम

**अगर आप चाहते हैं कि रात में आपको सुकून की नींद आए, पैरों में कुलन और बेचैनी के कारण आपकी नींद में किसी तरह की बाधा ना आए तो आपको सोने से पहले एक खास काम करना होगा। यह काम आपके शरीर को राहत देने के साथ ही दिमाग को भी शांति देगा। आइए, जानते हैं कि आखिर क्या और कैसे करना है.**

## आपको क्या करना है?

- बिस्तर पर जाने से पहले आपको अपने पैर साफ पानी से धुलकर कॉटन के कपड़े से पोछकर साफ करने हैं। इसके बाद सरसों के तेल से अपने पैरों की मालिश करें। यह मालिश 2 से 3 मिनट की भी हो तो काफी है। यहां जानें इस तरह हर दिन मालिश करने से आपको किस तरह के लाभ होंगे.

## पैर के तलुए में होते हैं सभी एक्युप्रेशर पॉइंट्स

- हमारे पैर के तलुओं में पूरे शरीर के एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं। पैर के तलुओं पर मसाज करने से इन पॉइंट्स पर दबाव पड़ता है, जिससे शरीर का तनाव कम होता है और मानसिक शांति बढ़ती है। इसलिए आप अच्छी नींद आती है।

## ताउम्र रहेंगे युवा


- अगर आप हर दिन सोने से पहले अपने पैर के तलुओं पर सरसों के तेल से मालिश करेंगे तो आप ताउम्र युवा बने रहेंगे। यहां युवा बने रहने से हमारा आशय है कि आपके दांत, आपकी दृष्टि और आपके शरीर के जोड़ों में किसी तरह का दर्द या समस्या नहीं हो पाएगी।

## चश्मा नहीं लगेगा

- यदि आप सोने से पहले हर दिन अपने पैरों पर सरसों तेल से मालिश करते हैं तो आप अपनी कमजोर आइसाइट को भी ठीक कर सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि आपको एक या दो हफ्ते में ही इसका असर देखने को मिल जाएगा।

## पाचन को ठीक रखे

- आपको जानकर थोड़ी हैरानी हो सकती है। लेकिन यह सही है कि जो लोग नियमित रूप से अपने पैर के तलुओं पर मालिश करते हैं या किसी और से कराते हैं, उनका पाचनतंत्र अन्य लोगों की तुलना में काफी ठीक रहता है। साथ ही उन्हें पेट संबंधी रोग नहीं घेरते हैं।
- साथ ही ऐसे लोगों के शरीर पर थकान हावी नहीं हो पाती है। पैर के तलुओं की मसाज करने से शरीर के डैमेज सेल यानी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जल्द मरम्मत होती है। इससे त्वचा भी चमकदार बनी रहती है। तो देर किस बात की, खूबसूरती और सेहत के लिए आज से ही शुरू करें पैर के तलुओं की मालिश।



# ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत हो सकता है आंखों में पानी आना

आंखे शरीर का सबसे जरूरी, सुंदर और नाजुक अंग है। सर्दी के मौसम में नमी और ठंडक के कारण आंखों में पानी आ जाता है लेकिन यह ड्राई आई सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है। इस बीमारी में आंखों से बहुत ज्यादा पानी आना, धुंधला दिखाई देना और चुभन महसूस होना, सूजन, रैशेज, लालपन जैसे लक्षण दिखाई देते है। इस बीमारी का समय पर इलाज न करने पर आंखों की रोशनी जा भी सकती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप डॉक्टर की दवाइ के साथ-साथ कुछ घरेलू उपाय भी कर सकते हैं। इन घरेलू नुस्खों की मदद से आप बिना किसी नुकसान के इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।

**गीला कपड़ा** – आंखों को हाथों से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आंखों में जलन, दर्द या खुजली होने पर साफ पानी में कपड़े को भिगोकर आंखों की सफाई करें। इससे किसी भी तरह की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**नारियल का तेल** – नारियल तेल में मौजूद गुण आखों की गंदगी को साफ करते हैं। रोजाना आंखों के नीचे और आस-पास नारियल के तेल की मालिश करें। आपको इस समस्या से निजात मिल जाएगा।

**हर्बल टी** – कोमोमाइल या पेपरमिंट चाय की पत्तियों को थोड़ी देर गर्म पानी में भिगो दें। इसके बाद थोड़ी-थोड़ी देर में आंखों की सिकाई करें। ध्यान रहें कि पानी ज्यादा गर्म न हो।

**नमक** – कई बार आंखो में जलन और खुजली के कारण पानी आने लगता है। ऐसे में आप 1 गिलास गर्म पानी में चुटकीभर नमक डालकर आंखों की सिकंाई करें। दिन में 3 बार इसका इस्तेमाल खुजली और जलन की परेशानी को दूर कर देगा।

**बेकिंग सोडा** – साफ पानी में 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर गर्म करें। पानी थोड़ा रह जाने पर इससे अपनी आंखों को धो लें। इससे आपको आराम मिल जाएगा।

**ठंडा दूध** – कॉटन बॉल को ठंडे दूध में डिप करके अपनी आंखों के आस-पास रगड़ें। इसके अलावा आप कॉटन बॉल को ठंडे दूध में भिगोकर रख भी सकते है। इन उपायों को सुबह-शाम करने से आपको आराम मिल जाएगा।

**एलोवेरा** – एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद और 1/2 कप एल्डरबैरी चाय मिलाएं। रोजाना दिन में 2 बार इस मिश्रण से अपनी आंखों को धोएं। आपकी परेशानी कुछ समय में ही दूर हो जाएगी।

**कच्चा आलू** – एस्ट्रिंजेंट के गुणों से भरपूर कच्चा आलू आंखों में पानी आने की समस्या से जल्दी राहत देता है। आलू की पतली स्लाइस काट कर कुछ देर फ्रिज में रखें। इसके बाद इस ठँडी स्लाइस को 15 से 20 मिनट के लिए आंखों के उपर रख लें। 2-3 दिन तक इसका इस्तेमाल आपकी इस समस्या को दूर कर देगा।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com